卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 225 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦26 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## पूर्णागिरी आ रही बस से भिड़ा डंपर, 11 की मौत



शाहजहांपुर (उद ब्यूरो)। देश भर से इन दिनों बड़ी संख्या में तीर्थ यात्री और पर्यटक देवभूमि उत्तराखण्ड का रूख कर रहे हैं। इसी बीच सीतापुर से चंपावत स्थित मां पूर्णागिरी धाम आ रही श्रद्धालुओं की एक बस भीषण हादसे का शिकार हो गयी। देर रात शाहजहांपुर में गोला गोकर्णनाथ मार्ग पर खुटार कस्बे के पास हुए इस हादसे में 11 तीर्थ यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 25 श्रद्धालु घायल हो गये। हादसा उस वक्त हुआ जब एक ढाबे पर सभी तीर्थ यात्री खाना खाने के लिए रूके थे। तभी एक बेकाबू डंपर बस को टक्कर मारने के बाद पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीतापुर से पूर्णागिरी धाम आ रहे श्रद्धालुओं की बस शनिवार देर रात करीब सवा 12 बजे यूपी के शाहजहांपुर में गोला गोकर्णनाथ मार्ग पर खुटार कस्बे के नजदीक स्थित एक ढाबे पर रूकी थी। तभी पीछे से तेज गति से आ रहा डंपर अनियंत्रित होकर बस से टकराकर पलट गया। भिड़ंत के बाद बस में सवार तीर्थ यात्रियों में चीख पुकार मच गयी। बस में महिलाएं और बच्चे भी थे। हादसे में 11 तीर्थ यात्रियों की मौके पर ही मृत्यु (शेष पृष्ठ 7 पर)

## जुआरियों ने पुलिस पर किया पथराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि रम्पुरा में झगड़ा होने की सूचना मिलने पर मौके पर जा रहे दो पुलिस कर्मियों पर मार्ग में जुआ खेल रहे कई जुआरियों ने जुआ खेलने से मना करने पर दोनों पुलिसकर्मियों पर पथराव कर दिया। जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों के साथ कई पुलिस कर्मी मौके पर आ पहुंचे। तब तक सभी जुआरी वहां से भाग निकले। पुलिस ने फरार जुआरियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि करीब 11 बजे रम्पुरा चौकी पुलिस को यह सूचना मिली कि रम्पुरा में दो पक्षों में झगडा हो गया है। सूचना मिलने पर चौकी से दो कांस्टेबल गणेश व पूरन मौके के लिए रवाना हुए। मार्ग में उन्होंने एक स्थान पर कुछ लोगों को जुआ खेलते देखा। जिस पर उन्होंने सभी को वहां से चले जाने के लिए कहा। जिसको लेकर उनकी पुलिस कर्मियों से बहस हो गई। इसके बाद जुआरियों ने दोनों पुलिस कर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। जिससे का. गणेश के पैर में चोटें आ गई। उन्होंनें मामले से चौकी पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलते ही चौकी से कई पुलिस कर्मी मौके पर आ पहुंचे। तब तक सभी (शेष पृष्ठ 7 पर)

## वापस लौटी आयकर विभाग की टीम, नहीं मिला कुछ खास

### चार दिन की जांच में मिले सिर्फ 3.30 लाख रूपये, लैपटॉप, मोबाइल हार्डडिस्क समेत कुछ दस्तावेज साथ ले गयी टीम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। तमाम चर्चाओं और अफवाहों के बीच आयकर विभाग की टीमें रविवार को चौथे दिन





अपनी कार्यवाही पूरी करके वापस लौट गयी। टीम रैनिक नारंग के घर से लैपटॉप मोबाइल और एक हार्डडिक्स के अलावा कई दस्तावेज अपने साथ ले गयी है। बताया जाता है कि आयकर विभाग की टीम को कोई बड़ी गड़बड़ी नहीं मिली है। बता दें बृहस्पतिवार को लखनऊ 12 वाहनों में सवार होकर से आयी आयकर विभाग की टीम ने व्यवसायी गुलशन नारंग के गल्ला मण्डी स्थित प्रतिष्ठान नारंग फर्नीचर, सिविल लाईन स्थित उनके घर और उनके पुत्र रैनिक नारंग और उसके पार्टनर सौरभ गावा के प्रतिष्ठान विनायक प्लाई के अलावा, सौरभ गावा के (शेष पृष्ठ सात पर)

### हमारे खिलाफ हुई बड़ी साजिशः गुलशन नारंग



रूद्रपुर। आयकर विभाग की टीम के लौटने के बाद व्यवसायी गुलशन नारंग ने कहा कि उनके खिलाफ साजिश के तहत यह पूरी कार्रवाई की गयी है, उनका कहना था कि किसी ने झूठी शिकायत करके आयकर विभाग को गुमराह करके यह खेल खेला है। मीडिया से बातचीत में व्यवसायी गुलशन नारंग ने बताया कि चार दिन की जांच के दौरान उनके घर से कुल 3 लाख 30 हजार रूपये की रकम बरामद हुई थी जिसे टीम ने उन्हें वापस कर दिया। उन्होंने कहा कि पूरी जांच के दौरान उन्होंने टीम के साथ पूरा सहयोग किया और आयकर विभाग के अधिकारी भी उनके साथ पूरा सहयोग करते रहे। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रक्रिया के तहत यह जांच की गयी है। आयकर विभाग की टीम जो सोचकर आई थी वो वो उन्हें नही मिला। गुलशन नारंग (शेष पृष्ठ सात पर)

## हवाई साबित हुई करोड़ों मिलने की चर्चाएं

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक ओर जहां पिछले चार दिनों से आयकर विभाग की टीम द्वारा लगातार की गई पूछताछ से नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी नारंग एवं गाबा परिवार प्रताड़ित होता रहा तो वही दूसरी ओर सोशल मीडिया हैण्डलरों द्वारा आयकर विभाग की टीम को करोड़ों रूपये की नगदी और सोना बरामद होने की खबरों को पोस्ट किये जाने से चर्चाओं का बाजार गरम रहा। जबकि आयकर विभाग की टीम द्वारा किसी भी प्रकार की कोई भी जानकारी प्रेस को सांझा नही की गई और न ही आयकर विभाग को



अपनी छानबीन में कोई विशेष गड़बड़ी मिल पाई। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर पोस्ट हो रही खबरों को लेकर व्यापारी वर्ग में अच्छा खासा आक्रोश है। विदित हो कि गत 23 मई को लखनऊ से आई आयकर विभाग की टीम द्वारा नारंग फर्नीचर,विनायक प्लाईवुड सहित नारंग और गाबा बंधुओं के आवास पर एक साथ छापे की कार्रवाई शुरू की गई थी जो आज चौथे दिन जाकर पूर्ण हुई। आयकर विभाग द्वारा आज चार दिन तक की गई छापेमारी की कार्रवाई को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा अलग-अलग तरीके से खबरों को पोस्ट किया गया। किसी का कहना है कि आयकर विभाग टीम को अब तक कई करोड़ों रूपये की नगदी बरामद हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में दो बहनों के इकलौते भाई की मौत

सितारगंज। सिडकुल रोड में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार को गंभीर चोटें लगी। आपातकालीन वाहन से घायल को सरकारी अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टरों ने बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया है। मूल रूप से चीतलबाग हाल निवासी पंडरी 20 वर्षीय मनदीप सिंह पुत्र छीनदर शनिवार की देर रात बाइक से सितारगंज की तरफ आ रहे थे। सिडकुल सिसौना मार्ग में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मनदीप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे आपात कालीन वाहन से घायल को सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मनदीप सिंह को मृत घोषित कर दिया है। मनदीप सिंह की एक वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। मनदीप सिंह दो बहनों के इकलौते भाई थे। परिजनों ने बताया कि मनदीप सिंह के पिता का पूर्व में ही देहांत हो चुका है। मृतक की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## कार की टक्कर से बाईक सवार दो युवक गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज दोपहर अटरिया मोड़ पर घर जा रहे बाईक सवार दो युवकों को तेज गति से जाती कार ने टक्कर मार दीं। जिससे दोनों युवक गंभीर



रूप से घायल हो गये।दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से अल्मोड़ा निवासी संदीप पुत्र मोहन सिंह व बागेश्वर निवासी उमेश यहां सिडकुल ढाल में किरायेदर के रूप में रहते हैं। (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंद घरों में चोरी करने वाला शातिर गिरोह पकड़ा

### पन्द्रह लाख के आभूषणों के साथ दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

खटीमा(उद संवाददाता)। बंद घरों में धावा बोलकर चोरी करने वाले शातिर गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 लाख रूपये के आभूषण और एक मोटरसाईकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के ने खुलासा करते हुए बताया कि 18 मई वादी कैलाश चन्द्र जोशी निवासी- टेड़ाघाट, खटीमा द्वारा थाना कोतवाली खटीमा में एक तहरीर देकर बताया था कि 15 मई 2024 को वह पूरे परिवार के साथ कैंची धाम



दर्शन के लिये गया था तो उसने अपने परिवार के समस्त सोने एवं चांदी के आभूषण वहीं घर में एक बक्से में रख दिये थे जब 17 मई की शाम को घर वापस आया तो उसके घर का ताला टूटा था और उक्त बक्से का ताला तोड़कर अज्ञात लोगों द्वारा बक्से में रखे सोने चांदी के आभूषण एवं नकदी चोरी कर ली थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की गयी। अनावरण के लिए एस ओजी, सर्विलांस टीम तथा फोरेंसिक टीमों की मदद भी ली गयी। पुलिस टीमों ने घटनास्थल से मझौला, पीलीभीत, बरेली, खटीमा आदि जगहों के लगभग 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाले । साथ ही पूर्व में चोरी में जेल गये अभियुक्तों से लगातार पूछताछ की गयी।(शेष पृष्ठ 7 पर)

# चारधाम यात्रा प्राधिकरण के लिए एक महिने में सुझाव देगी उच्च स्तरीय समिति

## सीएम धामी के निर्देश पर चारधाम यात्रा में अव्यवस्थाओं को रोकने के लिए 6 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया

देहरादून। चारधाम यात्रा में लगातार हो रही अवयवस्थाओं के बीच उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए अपर मुख्य सचिव (वित्त) की अध्यक्षता में छह सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।उत्तराखंड सरकार ने चारो धाम में तीर्थयात्रियों की



भरी संख्या में उमड़ रही भीड़ के कारण यात्रा को सुगम, सुलभ बनाने के उद्देश्य से इस उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। ताकि यात्रा में हो रही अव्यवस्थाओं पर काबू पाया जा सके। चारधाम में श्रद्धालुओं की संख्या में अत्यधिक वृद्धि को देखते हुए यात्रा को सुगम व सुलभ बनाने के दृष्टिगत इसकी नियमित समीक्षा और यात्रा से जुड़े अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान करने के लिए अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में छह सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति गठित कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों के क्रम में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इसके आदेश भी जारी किए हैं। यह समिति चारधाम समेत राज्य में होने वाली यात्राओं को निर्बाध व सुगम बनाने के लिए यात्रा प्राधिकरण के गठन के संबंध में भी माहभर के भीतर सरकार को सुझाव देगी। मुख्यमंत्री धामी चारधाम यात्रा व्यवस्था पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं। शुक्रवार को हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति के गठन के निर्देश दिए थे। यही नहीं, हाल में केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने भी चारधाम यात्रा की समीक्षा बैठक में कमेटी के गठन के निर्देश दिए थे। अब उच्च स्तरीय समिति का गठन कर दिया गया है। इसमें अपर मुख्य सचिव बर्द्धन अध्यक्ष होंगे। सचिव पर्यटन को सदस्य संयोजक बनाया गया है, जबकि सदस्यों में सचिव गृह, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था, गढ़वाल मंडलायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल शामिल हैं। समिति को राज्य में संचालित हो रही सभी यात्राओं के भविष्य में सुचारू एवं निर्बाध संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना भी प्रस्तुत करेगी। साथ ही इस सिलसिले में यात्रा प्राधिकरण अथवा किसी अन्य संस्था के गठन के संबंध में माहभर के भीतर सुझाव देगी। बता दें कि राज्य में तीर्थयात्रियों व पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यात्रा के बेहतर संचालन को यात्रा प्राधिकरण की आवश्यकता महसूस की जा रही है। कुछ समय पहले मुख्यमंत्री धामी ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए थे। चारधाम यात्रा के सुचारू संचालन के दृष्टिगत शासन ने बदरीनाथ व केदारनाथ में यात्रा मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार नैनीताल के सीडीओ अशोक कुमार पांडेय बदरीनाथ और ऊधम सिंह नगर के एडीएम पंकज कुमार उपाध्याय केदारनाथ के लिए यात्रा मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। इनकी तैनाती छह जून तक के लिए की गई है।

## केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के लिए दो नए यात्रा मजिस्ट्रेट बनाए

देहरादून। सरकार ने चारधाम में यात्रा प्रबंधन के लिए दो नए यात्रा मजिस्ट्रेट बनाए हैं। यह मजिस्ट्रेट 26 मई से छह जून तक अपनी सेवाएं देंगे। इससे पहले सरकार ने 25 मई तक के लिए तीन मजिस्ट्रेट तैनात किए थे। चारधाम यात्रा में भारी भीड़ के बीच सरकार लगातार प्रबंधन में जुटी हुई है। इस क्रम में सरकार ने 13 मई को बदरीनाथ धाम में सीडीओ हरिद्वार प्रतीक जैन, गंगोत्री-यमुनोत्री के लिए टिहरी के सीडीओ अभिषेक त्रिपाठी और केदारनाथ धाम के लिए हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंशुल सिंह को 25 मई तक के लिए यात्रा मजिस्ट्रेट तैनात किया था। इनकी ड्यूटी पूरी होने के बाद अब सरकार ने सीडीओ नैनीताल अशोक कुमार पांडेय को बदरीनाथ धाम और एडीएम प्रशासन पंकज कुमार उपाध्याय को केदारनाथ का यात्रा मजिस्ट्रेट तैनात किया है। दोनों अफसरों को छह जून तक के लिए ये जिम्मेदारी दी गई है। तैनाती अवधि में उन्हें संबंधित जिलाधिकारियों के पर्यवेक्षण में काम करना है।

# सिलक्यारा में बौखनाग देवता के मंदिर का निर्माण कार्य शुरू

उत्तरकाशी। उत्तराखंड में सिलक्यारा टनल हादसे के छह माह बाद नवयुगा कंपनी की ओर बाबा बौखनाग देवता के मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया गया है। टनल के बाहर सिलक्यारा मोड़ की ओर यह मंदिर बनाया जा रहा है। हादसे के दौरान रेस्क्यू टीम ने भी बौखनाग देवता की डोली और पश्वा से अशीर्वाद लिया था। नवंबर 2023 में सिलक्यारा टनल में भूस्खलन के कारण वहां पर 42 मजदूर अंदर फंस गए थे। उन 42 मजदूरों को निकालने के लिए जिला प्रशासन सहित पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के बाद विदेशी कंपनियों की मदद ली गई थी। रेस्क्यू के दौरान जब मजदूरों को बाहर निकालने का कोई भी प्रयास सफल नहीं हो रहा था तो उस समय रेस्क्यू टीम में मौजूद कंपनियों सहित सरकारी मशीनरी



और आस्ट्रेलिया से आए विशेषज्ञों ने बाबा बौखनाग की देवडोली और पश्वा से ऑपरेशन को सफल करने और मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए आशीर्वाद लिया था। बाबा बौखनाग के आशीर्वाद के बाद रेस्क्यू टीम ने 17 दिन बाद टनल के अंदर फंसे 41 मजूदरों को सुरक्षित बाहर निकाला था। बौखनाग देवता के पश्वा ने रेस्क्यू टीम को कहा था कि वह उनके मंदिर का निर्माण टनल के बाहर करें। वहीं हादसे के 6 माह बाद भी जब टनल का कार्य शुरू नहीं हो पाया तो अब नवयुगा कंपनी ने टनल के बाहर बौखनाग देवता का मंदिर का निर्माण शुरू कर दिया है। नवयुगा कंपनी के पीआरओ जीएल नाथ ने बताया कि मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। वहां पर फाउंडेशन के साथ पिलर का कार्य चल रहा है। कंपनी का प्रयास है कि जल्द से जल्द मंदिर का भव्य निर्माण पूरा हो सके।

# यात्रियों का आंकड़ा 10 लाख पार, अब तक 200 करोड़ का कारोबार

देहरादून। चारधाम यात्रा में उमड़े तीर्थयात्रियों ने कारोबार पिछले सीजन से दोगुना कर दिया है। खासकर होटल, ढाबे, ट्रैवल से जुड़े कारोबारियों ने 15 दिन में अच्छा बिजनेस किया है। अनुमान के मुताबिक, अब तक 200 करोड़ से अधिक का कारोबार हो चुका है। वहीं श्रद्धालुओं का आंकड़ा 10 लाख पार कर गया है।महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने बताया, चारधाम यात्रा के लिए इस बार रिकॉर्ड तीर्थयात्री पहुंचे हैं। इससे धामों में दबाव तो बढ़ गया, लेकिन कारोबारियों को अच्छा फायदा हुआ है। 15 दिन के भीतर चारोंधामों में होटल, ढाबे, ट्रैवल से लेकर विभिन्न व्यावसायियों ने 200 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया है। अकेले गढ़वाल मंडल विकास निगम ने 22 करोड़ कमाए, जबकि टैक्स और अन्य प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप में कमाई इससे कई गुना ज्यादा है।चारधाम होटल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय पुरी के अनुसार, गंगोत्री घाटी में लगभग 400 और यमुनोत्री घाटी में 300 होटल, होम स्टे और धर्मशाला हैं। बदरीनाथ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश मेहता ने बताया, श्रीनगर से बदरीनाथ और रुद्रप्रयाग से केदारनाथ तक 850





होटल, होम स्टे और धर्मशालाएं हैं। पिछले साल सीजन 22 अप्रैल को खुलने से शुरुआत में कम तीर्थयात्री आएं हैं। जबकि इस बार सीजन देरी से खुलने से पीक सीजन के दौरान दो से तीन गुना ज्यादा भीड़ उमड़ी है। होटल, ढाबों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 15 दिन में चारोंधामों में अच्छा कारोबार हुआ है। अनुमान के अनुसार, होटल, ढाबों और होम स्टे से करीब 80 करोड़, दुकानदार 20 करोड़, घोड़ा, खच्चर, डंडी कंडी और गाइड आदि से 30 करोड़, ट्रैवल से 40 करोड़, अन्य से 30 करोड़ की कमाई हो चुकी है। राज्य में पार्किंग, एंट्री समेत विभिन्न टैक्स और मंदिर समिति से लेकर तीर्थ पुरोहितों की भी अच्छी कमाई हुई है।श्री केदारनाथ धाम में दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। 14 दिनों की यात्रा में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। केदारनाथ धाम में दर्शन करने वालों तीर्थ यात्रियों की संख्या 4 लाख, 24 हजार, 242 पहुंच गई है।अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अगस्त्यमुनि कैलाश पटवाल ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशन में खेल मैदान अगस्त्यमुनि में जिला प्रशासन/नगर पंचायत द्वारा यात्रियों की रहने की समुचित व्यवस्था किए जाने हेतु लगभग 500 यात्रियों की रहने एवं वाहनों के पार्किंग व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने कहा कि यात्रा पड़ावों पर पार्किंग फुल होने पर सीतापुर एवं सोनप्रयाग में पर्याप्त स्थान न होने के कारण यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए अगस्त्यमुनि खेल मैदान में ही रहने की उचित व्यवस्था की गई है जिसमें उन्हें ठहराया जा रहा है ताकि किसी यात्री को यात्रा के दौरान कोई असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि यात्रा की समुचित व्यवस्था हेतु एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। जिसमें यात्रा मार्ग एवं केदारनाथ की यात्रा के संबंध में यात्रियों को जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही अब तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा 453 यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवयक दवाई उपलब्ध कराई गई है। चारधाम में प्रसिद्ध श्री यमुनोत्री और गंगोत्री धाम की यात्रा को आज पूरे 15 दिन हो गए हैं। श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल ने प्रशासन के यात्रा प्रबंधन की सराहना करते हुए बताया कि धाम में यात्रा व्यवस्थाएं पूरी तरह से व्यवस्थित हैं। उन्होंने कहा कि धाम में सुबह शाम जुट रही भीड़ के लिए प्रशासन की तरफ से तैनात पुलिस, होमगार्ड, राजस्व आदि विभागों के बेहतर समन्वय से तीर्थयात्रियों को मंदिर समिति दर्शन करा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समिति सुबह से लेकर शाम तक व्यवस्थित दर्शन करा रही है। अध्यक्ष यमुनोत्री मंदिर समिति/एसडीएम बड़कोट मुकेश रमोला ने बताया कि धाम में होल्डिंग पॉइंट पर अब वाहनों का दबाव नहीं है। तीर्थयात्रियों के वाहन सीधे जानकीचट्टी पहुंच रहे हैं। वहां से यमुनोत्री के लिए 6 किमी पैदल दूरी तय कर मंदिर में सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम दर्शन हो रहे हैं। इस बार धामों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की अलग से तैनाती करने के साथ ही यात्रा मार्गों पर पड़ने वाले अस्पतालों में आवश्यक उपकरणों, सामग्री व दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। यमुनोत्री पैदल मार्ग पर 30 स्वास्थ्य मित्र (एफएमआर) के साथ ही तीन मेडिकल रिलीफ पोस्ट स्थापित की गई है। गंगोत्री से गोमुख मार्ग पर भी 10 स्वास्थ्य मित्र तैनात किए गए हैं। यात्रा मार्गों पर भी मोबाइल मेडीकल टीमें निरंतर यात्रियों को सेवाएं प्रदान कर रही है। धाम में नगर पंचायत और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत, शहरी क्षेत्रों में नगर निकायों को सफाई व्यवस्था का जिम्मा दिया गया है। जिलाधिकारी उत्तरकाशी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट द्वारा व्यवस्थाओं पर निगरानी व रिपोर्टिंग के लिए अलग से कार्मिकों की तैनाती करने के साथ ही प्रतिदिन सभी जगहों से नियमित अंतराल पर सफाई व्यवस्था के जियोटैग्ड फोटो व वीडियो नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध कराने की हिदायत दी गई है।

# वीकेंड पर नैनीताल और कैंची धाम जाने के लिए रूट डाइवर्ट

नैनीताल(उद संवाददाता)। गर्मी में हर कोई पहाड़ों पर अपना वीकेंड बिताना चाहता है। इसलिए वीकेंड आते ही उत्तराखंड के हिल स्टेशनों में पर्यटकों की भीड़ बढ़ने लगती है। जिस से इस दौरान हिल स्टेशनों में ट्रैफिक जाम की समस्या देखने को मिलती है। नैनीताल में भी गर्मियों के सीजन में पर्यटकों के ज्यादा संख्या में आने से आए दिन लोगों को ट्रैफिक जाम की दिक्कत हो रही है। जिस कारण वीकेंड पर पुलिस ने यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए रूट डाइवर्ट किए हैं। अगर आप वीकेंड पर नैनीताल आने का प्लान बना रहे हैं तो एक बार जरूर ट्रैफिक प्लान देख लें। वरना आपको परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। नैनीताल पुलिस ने वीकेंड के लिए ट्रैफिक प्लान में बदलाव करते हुए कई रूट डायवर्ट किए हैं। बता दें कि शनिवार और रविवार को शहर में सुबह दस बजे से रात दस बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। **ट्रैफिक प्लान देखकर ही आगे बढ़ें :** हल्द्वानी से



नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम व अल्मोड़ा की ओर जाने वाले समस्त पर्यटकों, आमजनमानस और वाहन चालकों के लिए ये यातायात प्लान प्रभावी रहेगा। बरेली रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहे से डायवर्ट होकर गोला बाईपास होते हुए नारीमन तिराहे से अपने गन्तव्य को जाएंगे। रामपुर रोड से आने वाले वाहन जिनको नैनीताल जाना है, पंचायतघर तिराहे से डायवर्ट होकर आरटीओ रोड से हनुमान मन्दिर होते हुए कालाढूंगी बाईपास रोड से वाया कालाढूंगी नैनीताल में प्रवेश करेंगे। भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन शीतल होटल तिराहे से डायवर्ट होकर तीनपानी बाईपास तिराहे से गोला बाईपास रोड होते हुए नारीमन तिराहे से अपने गन्तव्य को जाएंगे। कालाढूंगी रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंचीधाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन ऊचापुल और लालडॉट तिराहे से डायवर्ट होकर हाईडिल गेट, कॉलटैक्स तिराहा होते हुए नारीमन तिराहे से अपने गन्तव्य को जाएंगे। वीकेंड के दौरान शनिवार व रविवार को यात्रा रूट में भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 10:00 बजे से रात 10:00 बजे तक पूर्ण रूप से वर्जित रहेगा। यातायात का दबाव अधिक रहने पर आवश्यकतानुसार समय बढ़ाया जा सकता है।

# महाराष्ट्र के यात्री की बिगड़ी तबियत

चमोली। बद्रीनाथ धाम में भारी संख्या में श्रद्धालओं के आने का सिलसिला जारी है। शनिवार को दर्शन की लाइन में लगे महाराष्ट्र के यात्री की तबियत अचानक बिगड़ गई। इस दौरान वहां मौजूद एसडीआरएफ की टीम ने तीर्थयात्री का रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया। शनिवार को बद्रीनाथ धाम के दर्शन करने आए सुरेश नंदराम शिंदे निवासी जिला परभणी महाराष्ट्र अचानक बेहोश हो कर गिर पड़े। वहीं ड्यूटी पर मौजूद एसडीआरएफ की टीम ने सूझबूझ का परिचय देते हुए यात्री को बेहोशी की हालत में संभालते हुए प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल मन्दिर परिसर में बने अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बताया गया की श्रद्धालु का ऑक्सीजन लेवल गिरने के कारण वे बेहोश हो गए थे। अब फिलहाल उनका स्वास्थ्य ठीक है। समय रहते एसडीआरएफ की सूझबूझ से यात्री सकुशल है। जिसके बाद यात्री के परिजनों ने एसडीआरएफ कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

# गेट सिस्टम हटाने समेत कई मांगों को लेकर जानकीचट्टी में प्रदर्शन

बड़कोट। यमुनोत्री धाम के आखिरी पड़ाव जानकीचट्टी में चारधाम यात्रा से जुड़े लोगों ने रविवार सुबह धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यमुनोत्री धाम से धारा 144 हटाने, ऑफलाइन पंजीकरण शुरू करने, गेट सिस्टम बंद कर जगह-जगह वाहनों को रोकने के विरोध में बस पार्किंग के पास धरना प्रदर्शन कर शासन प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। आरोप है कि श्रद्धालुओं को जगह-जगह रोक कर अनावश्यक परेशान किया जा रहा है। जबकि जानकीचट्टी की बस पार्किंग में सन्नाटा पसरा हुआ है।




# मतगणना के लिए मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूरा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। चार जून को सभी जिलों में मतगणना होगी, जबकि आरओ के स्तर पर जिले के साथ ही पोस्टल बैलेट की भी गणना होगी। चुनाव आयोग ने मतगणना को लेकर बैठक बुलाई है। मतगणना का काम त्रिस्तरीय सुरक्षा में किया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया, मतगणना के लिए मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। अब वह आगे ट्रेनिंग देंगे। बताया, सबसे पहले सर्विस मतदाताओं की मतगणना को लेकर ट्रेनिंग शुरू की गई है। अधिकारियों को मतगणना के दौरान अपनाए जाने वाले सभी उपायों की बारीकियां बताई जा रही हैं। राज्य में लोस चुनाव की मतगणना त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी। जिसमें सबसे भीतर सीएपीएफ सुरक्षा और उसके बाद पीएसी की सुरक्षा फिर सबसे बाहरी सुरक्षा घेरा राज्य पुलिस का होगा। जिलों ने मतगणना स्थल और तमाम व्यवस्थाओं को लेकर निर्वाचन को अनुमोदन भेज दिया है। बताया, इस त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे के भीतर बिना जांच के प्रवेश नहीं मिलेगा। काउंटिंग सेंटर पर तैनात सभी कर्मियों और एजेंट की जानकारी सभी राजनीतिक दलों को प्रेषित कर दी जाएगी। 28 मई से ईवीएम वोटों की गणना के लिए नोडल अफसरों की ट्रेनिंग शुरू कर दी जाएगी। 30 जून से जिलों के अधिकारियों की ट्रेनिंग होगी। इसके अलावा दो जून को चुनाव आब्जर्वर उत्तराखंड पहुंचेंगे। राज्य में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव हुआ था, जिसमें 55 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हुआ था।




# रूद्रपुर में ऑटो लिफ्टरों का आतंक चार बाईकों पर किया हाथ साफ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र में जहां पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर ऑटो लिफ्टर पुलिस को चुनौती देने से पीछे नहीं हट रहे हैं। वहन चोरों ने नगर के अलग अहलग स्थानों से चार मोटर साईकिलें चोरी कर लीं। सभी मामलों की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में देवेन्द्र कुमार पुत्र फकीर चन्द निवासी कस्तूरी वाटिका फेज 2. बिगवाड़ा रोड़ ने कहा है कि 11मई की रात्रि उसर्ने अपनी मोटर साईकल संख्या यूके 06 एके 2912 को अपने घर के बाहर खड़ा कर लॉक लगा दिया था। अगले दिन 12 मई को सुबह देखा मोटर साईकल मौजूदा स्थान परं नहीं थी। वहीं हरमनप्रीत सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम करीमगंज, थाना शीशगढ़, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली ने बताया कि आईएसएस सिक्योरिटी सर्विस, रिंग रोड़ आवास विकास,में जॉब करता हैं। 7 मईको सुबह वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 एएफ 8798पर सवार होकर कार्यालय पहुंचा और मोटर साईकिल ऑफिस के बाहर खड़ी कर लॉक लगा दी। सांय 6 बजे जब वह ऑफिस से बाहर आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नही थी। इधर शारिक खान पुत्र मोहम्मद अली निवासी गली नम्बर एक इंद्रा कॉलोनी का कहना है कि उसकी मोटर साईकिल संख्या यूकू 06 एक्स 1756 21 मई को चोरी हो गयी है। यह घटना उसके ऑफिस आवास विकास पर हुई है। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाईक का कोई पता नहीं चला। जबकि अमन गंगवार पुत्र शिशु पाल वार्ड 02. शिवनगर ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 20 अप्रैल को रात्रि उसनेअपनी मोटर सईकिल संख्या यूके 06 ए एक्स 2284 पर सवार होकर रामलीला मैदान रविन्द्र नगर में आयोजित विवाह समारोह में गया था। अपनी मोटर साईकिल रामलीला मैदान के बाहर खड़ी कर लॉक लगा दिया और रामलीला मैदान में हो रहे विवाहिक समारोह में शामिल हो गया। जब वह वापस लौटा तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं है। पुलिस ने वाहन चोरी के चारों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरी की तीन बाइकों सहित युवक दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक ऑटो लिफ्टर को चोरी की तीन मोटर साईकिलों सहित गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए पंतनगर सीओ ने बताया कि सिडकुल औधौगिक क्षेत्र में हो रही मोटरसाईकल चोरी की रोकथाम हेतू टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा चोरी की घटनाओं से सम्बंधित लगभग 150 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन व संदिग्धो से पुछताछ की गई। उन्होंने बताया कि चैकिंग के दौरान वोल्टास कम्पनी सिडकुल के पास से मोटरसाईकल सवार एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर मोटरसाईकल घुमाकर वापस जाने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर पकड लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता गुलवेश हुसैन पुत्र अब्दुल हसन निवासी वार्ड 06 मस्जिद कलौनी जगतपुरा ट्रांजिट कैंप बताया। उसका कहना था कि वह सिडकुल क्षेत्र से



मोटरसाईकल चोरी की वारदातो को अंजाम देकर उन्हें वन शक्ति मन्दिर की ओर झाडियों में छिपा कर रखा है। गुलवेश की निशादेही पर पुलिस ने चोरी की 2 अन्य मोटरसाईकल बरामद की। सीओ ने बताया कि गुलवैश के विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक राजेन्द्र सिंह डागी थाना पंतनगर, उनि प्रदीप कोहली चौकी प्रभारी सिडकुल, अउनि सतीश बाबू, का. नितिन कुमार, पकज पोखरियाल शामिल थे।

# दुपट्टे से लटका मिला महिला का शव

किच्छा। एक विवाहिता का शव उसके घर पर दुपटटे के सहारे छत से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। हल्द्वानी रोड पर स्थित ग्राम रजपुरा निवासी जगमोहन सिडकुल की एक कंपनी में नौकरी करते हैं। शनिवार सुबह वह ड्यूटी पर गया था। करीब 11 बजे उसकी पत्नी राजेश्वरी (26) का शव घर की खिड़की पर टुपटटे से छत से लटकता शव मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसबीच पड़ोसियों ने देखा तो उसे सीएचसी ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाल सुंदरम शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। विवाहिता का पांच साल पहले विवाह हुआ था। दंपत्ति के दो बेटे हैं।

# पुलिस ने स्मैक के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।एसओजी और कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस की संयुक्त टीम ने 1 युवक को 2 लाख से अधिक कीमत की स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली अल्मोड़ा पुलिस व एसओजी प्रभारी टीम ने तड़के संयुक्त चैकिंग के दौरान बेस तिराहा से 100 मीटर पीछे 1 युवक दीपक सिंह बिष्ट पुत्र गोविंद सिंह बिष्ट निवासी स्याली अल्मोड़ा को 7.30 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्यवाही की गयी।

# समाज सेवी कमला कांडपाल का निधन



दिनेशपुर(उद संवाददाता)। चरनपुर गांव निवासी समाजसेवी कमला देवी कांडपाल (87) पत्नी गजाधर काण्डपाल का शनिवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए। दोपहर बाद उनकी अंत्येष्टि रानीबाग के चित्रशीला घाट में की गई। चिता को उनके पुत्र प्रेमचंद कांडपाल ने मुखाग्नि दी। निधन पर विधायक अरविंद पांडेय, पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, ग्रामप्रधान हेमगिरी गोस्वामी, मदन मोहन जोशी, नरेंद्र सिंह कोरंगा, राजेंद्र सिंह कोरंगा, प्रयाग दत्त कांडपाल, गोपाल डोगरा, आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# जल जीवन मिशन योजना कार्यों को जून तक पूर्ण करने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जल जीवन मिशन योजना कार्यो को जून तक पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं जल निगम व जल संस्थान को दिए। उन्होंने कहा कि जेजेएम के जो कार्य पूर्ण



हो गये हैं, उनकी सूची थर्ड पार्टी को निरीक्षण हेतु शीघ्र भेजें, उन्होंने थर्ड पार्टी कार्मिकों को निर्देश दिए कि वे तुरंत योजना कार्यों का निरीक्षण कर रिपोर्ट कार्यदायी संस्थाओं को दें ताकि जो भी कमियां होंगी उन्हें शीघ्र निस्तारित कर कार्यदायी संस्था को भुगतान किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी को सुचारू व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए पेयजल कार्यों को त्वरित गति से किया जाए व पेयजल योजनाओं के पानी की क्वालिटी टेस्टिंग कराने के भी निर्देश दिए। जनपद में जेजेएम के अंतर्गत 333 कार्ययोजनाएं स्वीकृत थीं जिसमें से 136 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं जबकि 119 कार्य 76 से 99 प्रतिशत, 76 कार्य 51 से 75 प्रतिशत व 2 कार्य 25 से 50 प्रतिशत प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने जल निगम व जल संस्थान के अभियंताओं को निर्देश दिए कि कार्यों में गति लाने हेतु मानव शक्ति बढाते हुए जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में 187 आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुचारू पेयजल उपलब्ध कराने हेतु नजदीकी पेयजल योजनाओं से जोडने के निर्देश नोडल अधिकारी जल जीवन मिशन को दिए। उन्होंने बंगाचौवन खटीमा, राजस्व ग्राम देवड़ा, बारातोली सितारगंज, पेयजल योजनाओं की पेयजल लाइन जो वन क्षेत्र में बिछाई जानी है की स्वीकृति हेतु प्रभागीय वन अधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना में जो नलकूप कार्य पूर्ण हो चुके हैं व कार्यदायी संस्था द्वारा 48 नलकूपों में विद्युत संयोजन हेतु धनराशि भी जमा कर दी गयी है 15 दिनों में विद्युत संयोजन देने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत को दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के जो कार्य कार्ययोजना में रखे गए हैं उनका ग्राम विकास अधिकारियों के माध्यम से शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कराया जाए साथ ही कहा कि जल संवर्द्धन कार्य ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराये जायेंगे मगर तकनीकी सहयोग जल निगम व जल संस्थान द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने पेयजल लाइन बिछाने हेतु जो सड़के खोदी जा रही हैं उन्हें शीघ्रता से ठीक कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पीडी अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. ए के सिंह, एसीएमओ डॉ राजेश राही, मुख्य शिक्षा अधिकारी के एस रावत, अधीक्षण अभि. विद्युत श्री त्रिपाठी, अधि. अभि. जल निगम ज्योति पालनी, शिवम द्विवेदी, सुधीर कुमार, पी एन चौधरी, जल संस्थान मनोज कुमार, सहायक अभियंता कमल किशोर, मुकेश कुमार, अनिल कुमार,अधि. अभियंता सिंचाई पीसी पांडे, एसडीओ वन संतोष मेहता आदि मौजूद थे।

# स्कूल में निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थानाध्यक्ष वनभूलपुरा नीरज भाकुनी व पुलिस टीम द्वारा ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत ललित आर्या महिला इण्टर कालेज व जीजीआईसी वनभूलपुरा में छात्राओ को नशा मुक्ति अभियान के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय मे निबन्ध व ड्राईग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान



प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभावो के बारे में जानकारी दी गयी। थानाध्यक्ष श्री भाकुनी ने बताया कि यदि आपके आसपास कोई भी नशे के गतिविधि में संलिप्त रहता है तो उसकी सूचना थाने के नंबर एवं थानाध्यक्ष के नंबरों पर दे सकते हैं। सभी को मोबाईल नम्बरों से अवगत कराया गया। थाना पुलिस का नशा मुक्ति जागरूकता अभियान जारी है।

# डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज

गदरपुर (उद संवाददाता) राहुल गढ़िया पुत्र उमेश कुमार निवासी वार्ड नं.7 कैनाल कॉलोनी नं.दो गूलरभोज थाना गदरपुर ने थाना हाजा आकर एक प्रार्थना पत्र बाबत वाहन संख्य ना 06 बब 0320 डम्पर के चालक द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर राहुल के भाई निखिल गड़िया जो मोटर साइकिल के पास सड़क के किनारे खड़ा था,को टक्कर मार देने व मौके पर उसकी मृत्यु होने संबंधी लाकर दाखिल किया । दाखिला प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हाजा पर वाहन संख्य ना 06 बब 0320 डम्पर के चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया।

# अपर सचिव डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने किया रूद्रपुर महाविद्यालय का निरीक्षण





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उच्च शिक्षा विभाग के अपर सचिव डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रुद्रपुर का निरीक्षण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. पंत ने पुष्पगुच्छ के साथ अपर सचिव का स्वागत किया। अपर सचिव को शाल और सरस्वती प्रतिमा भेंटकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इसके पश्चात अपर सचिव डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने प्राचार्य कक्ष में महाविद्यालय के शिक्षको के साथ बैठकर उच्च शिक्षा की दशा दिशा के सम्बंध में विचार विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में छात्रों की उपस्थिति के साथ- साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। कहा कि आगामी सत्र से न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति के मानदंड का कड़ाई से पालन किया जाय। साथ ही अयह भी कहा कि किसी भी दशा में 11 जुलाई से नए सत्र की कक्षाएं प्रारम्भ करना और प्रत्येक सेमेस्टर में अनिवार्य रूप से 90 दिन की कक्षाओं का संचालन करना महाविद्यालय का लक्ष्य होना चाहिए। महाविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश में आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए शासन स्तर से हर सम्भव प्रयास किए जाने की बात कही। इसके पश्चात महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान की प्रयोगशालाओं में जाकर उनका भी निरीक्षण किया। महाविद्यालय में चल रहे स्ववित्तपोषित बीएड विभाग का भी निरीक्षण किया। इसके बाद महाविद्यालय के पीएम उषा प्रोजेक्ट में 10 करोड़ की लागत से प्रस्तावित बहुमंजिला भवन के स्थल का भी निरीक्षण किया और उसके सम्बंध में जानकारी प्राप्त की और सुझाव दिए। अपर सचिव ने महाविद्यालय की निर्माणाधीन आईसीटी लैब और महिला छात्रावास का भी भ्रमण किया और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके पश्चात अपर सचिव ने महाविद्यालय में चल रहे मूल्यांकन केंद्र का भी निरीक्षण किया। वहां मूल्यांकन कर रहे शिक्षकों से बातचीत कर मूल्यांकन की विविध बारीकियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। कुछ मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं का भी अवलोकन किया। समाजशास्त्र विषय में 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी की उत्तरपुस्तिका का भी अवलोकन किया। महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष कमल जोशी एवं छात्र महासंघ कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने भी अपर सचिव से मुलाकात की और महाविद्यालय में छात्र शिक्षक अनुपात को सही करने के लिए महाविद्यालय में शिक्षकों के समुचित पद सृजित करने के सम्बंध में ज्ञापन दिया।

# कोलम्बस के पूर्व छात्र तेजस का आईआईएम अहमदाबाद में चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्थानीय मॉडल कॉलोनी स्थित शहर के प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र तेजस त्रिपाठीने देश के सर्वोच्च प्रबंधन संस्थान इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद (आईआईएम ए)



में अपना स्थान सुनिश्चित कर अपने परिवार, विद्यालय, शहर सहित पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। तेजस त्रिपाठी ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली कैट (कॉमन एडमिशन टेस्ट) परीक्षा में 99.57 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर आईआईएम, अहमदाबाद में प्रवेश प्राप्त कर लिया है। देश के अति प्रतिष्ठित संस्थान आईआईएम-ए में प्रवेश पाने वाले वह कोलम्बस पब्लिक स्कूल के दूसरे छात्र हैं। कोलम्बस स्कूल के प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार खेड़ा जी ने बहुत हर्ष के साथ जानकारी देते हुए बताया कितेजस ने नवंबर 2023 में आयोजित कैट परीक्षा में असाधारण 99.57 प्रतिशत अंक हासिल किए। इस उत्कृष्ट स्कोर के कारण उन्हें विभिन्न आई0आई0एम0 सहित भारत के कई शीर्ष प्रबंधन संस्थानों से साक्षात्कार के लिए बुलावा आया। तेजस ने अपनी योग्यता एवं कुशलता का परिचय देते हुए हाल ही में सम्पन्न हुए आईआईएम ए के साक्षात्कार में सफलता अर्जित करकेदेश के सर्वोच्च संस्थान में अपना स्थान सुनिश्चित कर सभी को गौरवान्वित महसूस कराया है। साथ ही उन्होंने बताया कि तेजस त्रिपाठी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के होने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति लगनशील रहे हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा कोलंबस पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर से पूरी की और 2015 में बारहवीं की परीक्षा 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण कर विज्ञान वर्ग में टॉप किया। इसके बाद उन्होंने मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जयपुर से बी.टेक की पढ़ाई पूरी की।अपने इन्जीनियरिंग अध्ययन के दौरानउन्होंने चार महीने के लिए विजिटिंग स्टूडेंट रिसर्चर के रूप में अरकंसास विश्वविद्यालय (यूएसए) का भी दौरा किया, जहाँ उनके प्रदर्शन को 'उत्कृष्ट' के रूप में आंका गया। स्नातक की पढ़ाई पूरी होने पर वे बिजनेस टेक्नोलॉजी एनालिस्ट के रूप में प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंसल्टेंसी फर्म डेलॉइट में कार्यरत हुए। डेलॉइट में अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान, उन्हें विश्लेषक (रणनीति और विश्लेषण) के पद पर पदोन्नत किया गया, और फिर सलाहकार के रूप में। तत्पश्चात् अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए वह प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कॅन्सल्टेन्सी फर्म प्राइसवाटरहाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) में एसोसिएट के पद पर कार्यरत हुए। पाँच साल के पेशेवर अनुभव के साथ, तेजस ने एमबीए करके अपने करियर को आगे बढ़ाने का फैसला किया।अपनी मेहनत, लगन एवं जुनून के साथ तेजस ने प्रतिष्ठित कैट परीक्षा को विशिष्ट पर्सेंटाइल के साथ उत्तीर्ण कर आईआईएम-ए में प्रवेश सुनिश्चित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनोज कुमार जी ने तेजस त्रिपाठी की इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित की है। साथ ही बताया कि कोलम्बस पब्लिक स्कूल के कई पूर्व छात्र देश के अतिप्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों जैसे कि आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी इत्यादि से शिक्षा ग्रहण कर देश-विदेश में विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। तेजस त्रिपाठी की इस सफलता पर समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया।

# जस्सा सिंह आहलूवालिया के जन्मदिन पर दो शिक्षिकाओं को किया सम्मानित

गदरपुर (उद संवाददाता)। महान जरनैल सरदार जस्सा सिंह आहलूवालिया के जन्मदिन पर आयोजित किए गए कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को मिष्ठान वितरण और नन्हे मुन्ने बच्चों को जिम्मेदारी से शिक्षण कार्य करवाने वाली दो शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के इंचार्ज देवेंद्र सिंघ और सदस्य सुरेंद्र सिंह ग्रोवर के नेतृत्व में गुरु नानक पब्लिक स्कूल



में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जुल्म के खिलाफ जंग लड़ने वाले महान जरनैल जस्सा सिंह आहलूवालिया के जन्मदिन पर कार्यक्रम किया गया। प्रधानाध्यापिका चंपा पांडे एवं मुख्य अतिथि समाज सेविका ज्योति अरोड़ा द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चोंको जिम्मेदारी से शिक्षण कार्य करवाने वाली शिक्षिका शाहीन और फरहीन को सम्मानित किया गया।ज्योति अरोड़ा ने कहा कि शिक्षिका के रूप में नन्हे मुन्ने बच्चों को जिम्मेदारी से शिक्षा प्रदान करना और उन्हें अनुशासन में रहना सिखाना नेक कार्य है।

# शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

गदरपुर (उद संवाददाता) गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। स्व. स. दीदार सिंह की स्मृति में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने किया। रुद्रपुर चौरिटेबल ब्लड बैंक के एलटी सत्यम मिश्रा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने रक्तदान के लिए पहुंचे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान में 40 लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।




# हेल्पिंग हैंड्स टीम ने चलाया सफाई अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रानीबाग स्थित चित्राशिला घाट पर यूके 04 हेल्पिंग हैंड्स टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें एसडीएम परितोष वर्मा ने भी सफाई कर लोगों से भी बढ़ चढ़कर इस सफाई अभियान में हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान दर्जनों लोगों ने घाट में फैली गंदगी के साथ ही प्लास्टिक को एकत्र कर ट्रैक्टर के माध्यम से ट्रंचिंग ग्राउंड पहुंचाया। हेल्पिंग हैंड्स के करन नेगी और योगेश शर्मा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नदी के आसपास गंदगी न फैलाएं क्योंकि रानीबाग की गार्गी नदी गंगा का स्वरूप है और इसे स्वच्छ रखने हम सबका कर्तव्य है। प्रशासनिक टीम द्वारा आगे भविष्य में हेल्पिंग हैंड्स टीम के साथ मिलकर शहर में एक बड़ा



सफाई अभियान चलाने की बात कही। इस दौरान कमल सिंह धामी, हेमंत साहू, विशाल नेगी,पंकज कश्यप, आनंद कुजरवाल, जीत सिंह, हरीश बगडवाल, जगदीश बिष्ट, पंकज तिवारी, अभिषेक बक्शी, सरबजीत सेठी, सेबी खालसा, हिमांशु बिष्ट, हनी बिंद्रा, कार्तिक बिष्ट, राजीव दिवाकर, रोहित कुमार, धर्मेंद्र कश्यप, प्रतीक बर्गली, दीक्षांत बर्गली, अंशु रोनी, सुरेंद्र कश्यप, दीपक कुमार, चिराग कुमार, मनीष गुप्ता, अमन कुमार, कुंश धामी, भरत चिलवाल, पंकज नेगी, प्रिंस शर्मा, लवी चिलवाल, गौतम आर्य मौजूद रहे।

# मतगणना के लिए सभी प्रत्याशी अपने अपने ऐजेन्ट टेबलवार तैनात करेंगे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। निर्वाचन मतदान में सभी प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों का सहयोग मिला उसी प्रकार निर्वाचन के अंतिम चरण मतगणना में भी सभी प्रत्याशी, प्रतिनिधि शालीनता का परिचय देते हुए पूर्ण सहयोग दें। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ मतगणना संबंधित बैठक लेते हुए कही। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों को मतगणना संबंधित जानकारियां देते हुए बताया कि आगामी 04 जून को प्रातः 8 बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। प्रत्येक विधानसभा में 14-14 टेबलों पर में मतगणना की जायेगी तथा 50 टेबल में ईटीपीबीएस की स्केनिंग होगी तथा 34 टेबल में पोस्टल बैलेट की मतगणना की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी अपने-अपने ऐजेन्ट टेबलवार तैनात करेंगे इसके लिए सभी प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों को ऐजेन्ट तैनात करने हेतु



निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित फार्म प्रारूप उपलब्ध कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रातः 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गणना प्रारम्भ होंगी तथा उसके आधे घंटे के बाद ईवीएम मशीन की मतगणना प्रारंभ होगी, इसलिए सभी प्रत्याशी ऐजेन्ट प्रातः 6:30 बजे अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि जो एजेन्ट जिस विधानसभा व जिस टेबल के लिए तैनात किए जायेंगे वे उसी टेबल पर तैनात रहेंगे अनावश्यक इधर-उधर कतई नहीं जायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना कक्ष में मोबाइल पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा इसलिए मतगणना एजेन्ट अपना मोबाइल घर पर ही रखकर आयें या प्रवेश करने से पहले जमा कराना होगा। उन्होंने कहा कि मतगणना केन्द्र में केवल तैनात किये गये एजेन्ट व कार्मिक ही प्रवेश करेंगे। उन्होंने कहा कि मतगणना सीसीटीवी की निगरानी में होगी तथा वीडियोग्राफी भी कराई जायेगी। उन्होंने कहा मतगणना स्थल बगवाडा मंडी में मतगणना संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुसार सुनिश्चित की जा रही हैं। उन्होने कहा कि मतगणना स्थल में पार्किंग, पेयजल व्यवस्था व चिकित्सा स्टॉल की व्यवस्था भी की जाएगी। प्रत्याशियों के तैनात ऐजेन्ट व मतगणना कार्मिक, सुरक्षा बल ही मतगणना स्थल में प्रवेश करेंगे बाकी सभी मतगणना स्थल के 100 मी. परिधि से बाहर रहेंगे। मतगणना स्थल व मतगणना स्थल के बाहर पर्याप्त सुरक्षा बल के साथ ही मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, जिला उप निर्वाचन अधिकारी अशोक जोशी, परियोजना निदेशक अजय सिंह, प्रत्याशी युकेडी शिव सिंह व प्रतिनिधि रामसिंह रावत, विनीता बिष्ट, प्रत्याशी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी सुरेन्द्र सिंह, प्रंत्याशी पीपीआईडी अमर सिंह सैनी, प्रत्याशी प्रतिनिधि कांग्रेस सुनील आर्य, सौरभ चिलाना, महेश काण्डपाल, नीरज तिवारी, भाजपा गजेन्द्र प्रताप, विपिन सिंह, मनीष मित्तल, बसपा चंद्रशेखर राव, विनोद कुमार गौतम, आप से धर्मेन्द्र सिंह, सपा से योगेन्द्र यादव, प्रतिनिधि बीकेएलजेपी जितेन्द्र रौतेला, दीपक जोशी आदि मौजूद थे।

# इस बार के जगराते में मेरे घर भी आना...

## मां के भजनों से मंदिर मनकामेश्वर हुआ गुंजायमान, मां भगवती जागरण मंच का 22 वां विशाल जागरण व भंडारा सम्पन्न

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां भगवती जागरण मंच द्वारा मां भगवती का 22 वां विशाल जागरण गत रात्रि श्याम टाकीज रोड़ स्थित मन्दिर मनकामेश्वर में आयोजित किया गया। जिसमें राजीव तूफानी एण्ड पार्टी द्वारा सुन्दर भजनों के माध्यम से मां भगवती की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान उपस्थित सैकड़ों मां भक्त तालियां बजाते हुए मां के जयघोष करते भक्ति में झूमते रहे। इससे पूर्व श्याम टाकीज रोड के व्यापारियों ने माॅ भगवती जागरण मंच के साथ विधि विधान से मां भगवती की पूजा अर्चना की गई। विशाल भगवती जागरण का शुभारम्भ आकर्षित रूप से सजाई गई मां की प्रतिमा के सम्मुख पावन ज्योति प्रज्जवलित कर किया गया। जागरण में गणेश वंदना, मां सरस्वती वंदना की झांकी प्रस्तुत की गई। मां के आहवान के बाद सभी देवी देवताओं का फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। भजनों के दौरान माॅ शेरावाली के स्वरूप, श्री बाला जी, श्री हनुमान जी की आकर्षक झांकी का भी मंचन किया गया। जागरण में राजीव तूफानी एण्ड पार्टी के कलाकारों ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इसके अलावा टी सिरीज भजन भजन गायक शुभम सक्सेना व बिजनौर से आये दीपक दीवाना ने भी भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। जागरण में टी सिरीज भजन गायक शुभम सक्सेना ने इस बार के जगराते में मेरे घर भी आना, कारोबार बाला जी मेरा चलाये, मेरा भोला है भण्डारी, राजीव तूफानी ने मैया मेरी लाज बचाने आयेगी, मैल मन की धुली न, तन धो लिया, भोला रे भोला, दीपक दीवाना ने राधा रानी का श्रृंगार, माता पिता भगवान मेरे, भोले का महारास आदि भजनों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। माता के भजनों को सुनते हुए श्रद्धालु मां की भक्ति में झूमने को मजबूर हो गये। सारी रात्रि भजन गायक कलाकारों द्वारा मां की महिमा का गुणगान किया गया। प्रातः गदरपुर से पधारे पंडित शिवा शर्मा द्वारा मां तारा रानी की कथा सुनायी गई। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गये। मां को विधि विधान से पंच मेवा प्रसाद का भोग लगाया गया। जिसके पश्चात गायक कलाकारों द्वारा एक बार फिर मां के भजनों की लड़ी प्रारम्भ की गई। तत्पश्चात आरती की गई और मां को प्रसाद का भोग लगाकर कन्याओं की पूजा की गई। जागरण के बाद आयोजन स्थल मन्दिर मनकामेश्वर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारा प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अशोक कालड़ा, राकेश कालड़ा, जगदीश कालड़ा, रवि अनेजा, अशोक घई, राकेश कालड़ा, बिट्टू गुप्ता,हरीश घई,लक्की कालड़ा, संजीव अरोरा, कालू अरोरा,रौनिक नारंग,रमेश अरोरा,लखविंदर बेदी, कुलवंत बेदी, परम सुखीजा, कपीश सुखीजा, राजू मलिक, मनीष पाहवा, नीरज खुग्गर, आयुष कालड़ा,नरेंद्र सिंह, सोनू, राजू, जगदीश लाल पाहवा, रौनक बेदी,राहुल धमीजा, अनिल, जगदीश चंद, सुरेश फर्त्याल, सुमित आदि मौजूद थे।













## रामनगर में जिलाधिकारी के आदेश के बाद शुरू हुई मदरसो की जांच

रामनगर।जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह के निर्देश के बाद उप जिलाधिकारी रामनगर राहुल शाह के निर्देश पर गठित अलग अलग टीमों ने रामनगर विकास खंड के अलग–अलग क्षेत्रों में मदरसों जांच शुरू कर दी है। रामनगर में शुक्रवार को बीआरसी समन्वयक मनोज तिवारी व उनके साथ मौजूद अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से रामनगर शहर में स्थित कई मदरसो की जांच की गई। उन्होंने बताया



कि जांच के दौरान कई मदरसो में अभिलेखो की जहां एक ओर कमी पाई गई तो वहीं कई जगह छात्रों की उपस्थिति पंजिका में भी बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं पाई गई । कुछ जगह मदरसों को संचालित करने वाले अभिलेखों की भी कमी पाई गई है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि अभी यह जांच जारी है।

## कैंची धाम मेले को लेकर डीएम ने दिए दिशा निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने आगामी 15 जून को होने वाले भवाली में आयोजित होने वाले केंची धाम मेले का सफलतापूर्वक सम्पादन हेतु, ट्रैफिक प्लान के साथ साथ भवाली के आस पास अस्थाई पार्किंग का निरीक्षण और कैंची धाम मंदिर परिसर में मंदिर समिति पदाधिकारियों, अधिकारियों के साथ बैठक की।उन्हेंने नैनी बैंड से सेनिटोरियम बाईपास के निरीक्षण के दौरान बाईपास सड़क को कैंची मेले के लिए सड़क को सही करने और साफ सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्थाई पार्किंग के रूप में प्रयोग करने के साथ साथ मेले के दिन जाम की स्थिति होने पर बाईपास मार्ग से छोटे वाहनों की आवाजाही भी की जा सकती है। उन्होंने मस्जिद के पास बन रही अस्थाई पार्किंग को जल्द तैयार करने के लिए एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा को नोडल अधिकारी नामित किया। इस दौरान उन्होंने भवाली में परिवहन निगम की पार्किंग का भी निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने सभी पार्किंग स्थलों साइन बोर्ड, लाइट्स आदि लगाने के निर्देश दिए। जिससे पर्यटकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कैंची धाम मंदिर परिसर में बैठक के दौरान श्री कैंची हनुमान मंदिर /आश्रम ट्रस्ट के सचिव आलोक चोपड़ा और प्रबंधक प्रदीप साह ने बताया शिप्रा नदी में भक्त नहाने, कपड़े धोने आदि का कार्य रहे हैं, साथ नदी किनारे वन विभाग की भूमि में भी लोग अतिक्रमण या आवाजाही कर रहे हैं। जिससे आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने नदी में जाने में पूरी तरह से रोक और चालान करने के निर्देश और वन विभाग भूमि के पास ताड़बाड़ करने के निर्देश दिए।दीर्घकालीन योजना के तहत उक्त स्थल को अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सुचारु रूप से विद्युत और जल संस्थान



के अधिकारियों को मेले से एक दिन पूर्व पेयजल व्यवस्था के लिए टैंकर,नगर पालिका को मोबाइल बाथरूम आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच के अधिकारियों को सड़कों के किनारे पिरुल हटाने और नगर पालिका और जिला पंचायत के अधिकारियों को 1 जून से 20 जून तक मंदिर, सड़क और शिप्रा नदी में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि मेले के दिन भवाली इंटर कॉलेज और जल संस्थान में दो पहिया वाहनों की पार्किंग की जाएगी। चौराहे के पास वाली पार्किंग, रानीखेत रोड, पेट्रोल पंप, खेल मैदान, मस्जिद के पास, परिवहन निगम की पार्किंग और सेनिटोरियम के दोनों बाईपास मार्ग को पार्किंग के लिए प्रयोग किया जाएगा। 15 जून के मेले को शांतिपूर्ण और अन्य बेहतर व्यवस्थाओं के जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी नामित किए हैं। जिसमें एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा को शटल सेवा, कोश्याकुटोली एसडीएम विपिन पंत को पार्किंग और मार्ग पर अन्य व्यवस्थाएं और एसडीएम तुषार सैनी को मंदिर परिसर में विभागीय समन्वय से बिजली पानी,चिकित्सा आदि व्यवस्थाएं, जबकि आरटीओ नंद किशोर को परिवहन और शटल सेवा का नोडल बनाया है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को 1 और 2 जून को मेले से पूर्व तैयारियों की रिहर्सल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कैंची धाम की पार्किंग से मंदिर गेट तक अस्थाई पैदल मार्ग/ फुटपाथ बनाने के निर्देश दिए। जिससे पैदल चलने में भी भक्तों को आवाजाही में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। साथ ही यातायात भी सुचारू रहे। इस दौरान एसएसपी पीएन मीणा, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष संजय वर्मा, अधिवक्ता प्रशांत जोशी समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## कोरोना काल में बांटा था राशन, नहीं हुआ भुगतान

### सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के समक्ष आर्थिक संकट, सौंपा ज्ञापन

काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शीप डीलर्स फेडरेशन के पदाधिकारियों ने संगठन की नवनिर्वाचित अध्यक्षा दीपा चौहान के नेतृत्व में शनिवार को भाजपा के पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा के कॉरपोरेट ऑफिस पहुंचकर बकाया भुगतान को अति शीघ्र कराए जाने की मांग की। पूर्व विधायक को सौंपे ज्ञापन में संगठन के सदस्यों एवं पदाधिकारीयों ने बताया कि कोरोना काल के दौरान प्रधनमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 113 सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं द्वारा जो राशन वितरण किया गया उसका अब तक भुगतान नहीं हो सका है। संगठन के सदस्यों ने बताया कि वर्ष 2020–21 के 7 माह की भुगतान के समय संबंध में सरकार द्वारा शीघ्र भुगतान का आश्वासन दिया गया था लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी आज तक सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं को बकाया धनराशि का भुगतान नहीं हो सका। संगठन के सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा को प्रेषित किए गए पत्र में बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के नियमित बिल माह जनवरी 2024 से मई 2024 तक (पांच माह) का शीघ्र भुगतान कराया जाए। दिए ज्ञापन में बताया गया कि समय से भुगतान न होने के कारण सभी 113 सस्ता गल्ला विक्रेताओं के समक्ष आर्थिक संकट की स्थिति पैदा हो गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन की अध्यक्ष श्रीमती दीपा चौहान के अलावा उपाध्यक्ष राजीव त्रिपाठी मंत्री पीके अग्रवाल कोषाध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह तथा संगठन मंत्री चंद्रपाल सिंह के अलावा हरीश पांडे ज्ञान सिंह गुरविंदर सिंह प्रवीण सिंह सैनी महेशचंद्र आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।



## कोसी नदी व झूला पुल में प्रवेश करने वालों पर सख्ती

रामनगर(उद संवाददाता)।गर्जिया मंदिर के समीप स्थित झूला पुल के पास कुछ दिन पूर्व लखनऊ के युवक की नहाने के दौरान नदी में डूब कर मौत हो गई थी जिसके बाद एसडीएम राहुल शाह ने झूला पुल एवं कोसी बैराज क्षेत्र में नदी में प्रवेश करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर वन विभाग और पुलिस को निर्देश जारी किए थे । एसडीएम के आदेश के बाद भी लगातार इन दोनों क्षेत्रों में भारी संख्या में लोग प्रवेश कर वहां नहा रहे थे । मामले में इन दोनों क्षेत्रों में भविष्य में घटने वाली अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए रामनगर वन प्रभाग की कोसी रेंज वन दरोगा वीरेंद्र प्रसाद पांडे के नेतृत्व में वन कर्मचारियों द्वारा इन दोनों क्षेत्रों में अभियान चलाते हुए नदी में मौजूद कई लोगों को बाहर निकालते हुए भविष्य में न आने की हिदायत दी । इसके साथ ही विभाग ने झूला पुल और कोसी बैराज क्षेत्र में स्थित नदियों के अंदर लोगों के प्रवेश रोकने को लेकर खाई खोदने का काम किया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि झूला पुल के पास कुछ लोगों द्वारा वन भूमि पर कब्जा कर वहां दुकान लगाई गई थी इन सभी को मौके से हटाने की कार्रवाई की गई है । उन्होंने यह भी बताया है कि विभाग का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## एम्स वार्ड में पुलिस की गाड़ी

उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स में महिला चिकित्सक से छेड़छाड़ के एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए वहां की पुलिस की सक्रियता हैरान करने वाली है। गौरतलब है कि मंगलवार की रात आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम अपनी जीप लेकर आपातकालीन मरीजों को ले जाने वाले रास्ते से अस्पताल की चौथी मंजिल पर चढ़ गई। इस घटना के बहुप्रचारित वीडियो में यह साफ दिखा कि पुलिस की जीप अस्पताल के वार्ड में एक गलियारे से गुजर रही है, वहां मौजूद मरीज और उनके परिजन हैरानी से यह सब देख रहे हैं और इस बीच अस्पताल के सुरक्षाकर्मी दोनों तरफ मरीजों से लदे स्ट्रेचर को जल्दी-जल्दी किनारे कर रहे हैं, ताकि जीप आसानी से आगे निकल सके। इसके बाद आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करके ले गई। निश्चय ही इसमें पुलिस की सक्रियता दिखती है, मगर सवाल है कि अस्पताल जैसी जगह में इस तरह जाने की क्या जरूरत थी। यह समझना मुश्किल है कि अगर आरोपी अस्पताल के भीतर था, तो उसे गिरफ्तार करने या किसी अनहोनी की आशंका से उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए पुलिस को अपनी गाड़ी लेकर चौथी मंजिल पर ले जाना एकमात्र विकल्प कैसे था! अस्पताल में मरीजों के इलाज और उनकी देखरेख में कोई भी बाधा या अव्यवस्था पैदा होने जैसी किसी गतिविधि की इजाजत नहीं होती। यहां तक कि मामूली शोर से भी बचने के पूरे इंतजाम किए जाते हैं, ताकि किसी रोगी की परेशानी न हो। ऐसी जगह में क्या आपातकालीन मरीजों को लाने-ले जाने वाले रास्ते से जीप को चौथी मंजिल पर लेकर जाने के बजाय आरोपी को गिरफ्तार करने का कोई और तरीका नहीं निकाला जा सकता था? इस घटना पर सफाई के तौर पर कहा गया कि अस्पताल में आरोपी के खिलाफ गुस्सा था और उसे सुरक्षित निकालना भी जरूरी था। मगर इसके लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मी बुलाए जा सकते थे। गनीमत है, अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच से जिस तरह पुलिस के वाहन को निकाला गया, उससे कोई नया जोखिम पैदा नहीं हुआ। इससे ऐसी स्थितियों से निपटने में पुलिस के प्रशिक्षण की कमी स्पष्ट झलकती है।

## गाबा परिवार ने संयुक्त रूप से नेत्रदान का लिया संकल्प

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज सेवा में गुरदीप सिंह गाबा हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहते हैं। पूर्व सभासद मुख्य बाजार गुरदीप सिंह गाबा ने बताया कि उनकी माता जी की इच्छा थी कि हम सब मिलकर पूरा परिवार नेत्रदान का संकल्प लें और समाज को एक अच्छा संदेश जाये जिससे समाज भी नेत्रदान की ओर अग्रसर हो सके। एलाएन्स निवासी पूर्व सभासद मुख्य बाजार गुरदीप सिंह गाबा ने अपनी माता जी की इच्छा अनुसार संयुक्त रूप से परिवार के साथ विधायक शिव अरोड़ा व राजेश डावर के सानिध्य में नेत्रदान का संकल्प लिया। गुरदीप सिंह गाबा ने बताया कि हमारे



परिवार में माता जी के आदेशानुसार हम सभी ने नेत्रदान का संकल्प लिया है। विधायक शिव अरोड़ा ने पूरे परिवार का नेत्रदान का संकल्प सोचो डिफरेंट संस्था को सौंपा। इस दौरान विधायक शिव अरोड़ा ने कहा कि गाबा परिवार की इस मुहिम से लोग प्रेरणा लेंगे ओर समाज में नेत्रदान के प्रति बड़ी जागरूकता आएगी। इस दौरान हरीश जल्होत्रा, संदीप चावला, विकास अरोरा, बंटी आनंद, सरदार सिंह चावला, डिम्पल मुंजाल, ओमप्रकाश राजपूत, कृष्ण नारंग, रमेश धींगड़ा, प्रदीप अरोड़ा, अवतार कालरा, संजय अरोरा, राजन आनन्द आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। नेत्रदान संकल्प लेने वालों में गुरदीप सिंह गाबा, इंद्रजीत कौर, गुरकीरत सिंह व अर्श प्रीत सिंह शामिल हैं।

## स्वच्छता की ओर बढ़ाएं एक कदम

स्वच्छता एक व्यक्ति के लिए उतनी ही आवश्यक है जितनी व्यक्ति को सांस लेने के लिए आक्सीजन की आवश्यकता होती है सदा सत्य बोलना चाहिए गुरु द्रोण ने यह पाठ अपने शिष्यों को समझाया और याद करने को कहा पर सभी कौरवों और पांडवों दूसरे दिन कहां हमें याद हो गया पर युधिष्ठिर बोले मुझे याद नहीं हुआ क्योंकि मैं इसको अपने जीवन में अपनी उतार पाया हूं ठीक उसी प्रकार स्वच्छता को भी हमें अपने जीवन में उतारना होगा क्योंकि पड़ोसी सोचता है मेरे घर के आगे साफ होना चाहिए लेकिन दूसरे की आगे चाहे कूड़े का कितना ही अंबार लग जाए इससे मुझे क्या पर पडोसी भूल जाता है कि यह मेरा ही कूड़ा है इसी भूल में वह अपने घर का पूरा कूड़ा पड़ोसी के घर के सामने में फैंक देता है और उजाला जब होता है तब पड़ोसी उससे पहले ही अपना पूरा कूड़ा पड़ोसी के घर के सामने में फैंक देता हैं हमारे दिमाग में जबतक स्वच्छता की कल्पना नहीं बैठेगी तब तक हम अपने छेत्र को स्वच्छ नहीं बना सकते हैं आज प्लास्टिक बंद करो सरकार भी कहती है पर पॉलिथीन बैक पर दुकान के अलावा कहीं रोक नहीं लगा सकती है यदि कोई दुकानदार पॉलिथीन को बेचता है तो उस पर दुकानदार का चालान हो जाता है पर पॉलिथीन बनाने वाले पर कोई रोक नहीं लग सकती है क्यों इसका कारण साफ है सरकार की मनसा स्वच्छ देश बने कहने भर के लिए है स्वच्छ बनाने की नहीं है आज सभी को पता है यदि प्लास्टिक बैग पर रोक लग जाती है तो हमारा वातावरण स्वच्छ हो जाएगा जिसके कारण आज जमीन की उर्वरा शक्ति घट रही है बेजान जानवर मर रहे हैं चारों ओर कूड़े के ढेर लगे हैं जिसमें प्लास्टिक ही प्लास्टिक नजर आता है यदि हम अपने आंगन को अपने क्षेत्र को स्वच्छ बनाना चाहते हैं तो हमें अपने छोटे बच्चों को भी इसका पाठ सिखाना पड़ेगा आओ मिलकर एक संकल्प लें हम पॉलिथीन का उपयोग बंद कर स्वच्छता की ओर एक कदम बढ़ाएं जिससे 90%बिमारियों से मुक्ति मिल सकती है। धन्यवाद

**-परमानंद कांडपाल, प्रधानाचार्य ,सरस्वती शिशु मंदिर, नानकमत्ता**

# शरणार्थियों को मिलने लगी नागरिकता

आखिरकार लंबी चली जद्दोजहद के बाद नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के अधिसूचित होने के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित भारत की शरण में आए गैर मुस्लिम प्रवासियों को बहुप्रतिक्षित नागरिकता देने का काम शुरू हो गया है। केंद्रिय गृह सचिव अजय भल्ला ने अपने दिल्ली स्थित कार्यलय में 14 शरणार्थियों को भारतीय नागरिक होने के प्रमाण-पत्र दिए हैं। वैसे देशभर में कुल 300 शरणार्थियों को ई-मेल के जरिए नागरिकता प्रमाण-पत्र भेज दिए गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि शरणार्थियों का दाश्कों का इंतजार खत्म हो गया है। नागरिकता पाने वाले इन लोगों में पड़ोसी देशों से इस्लामिक धार्मिक कट्टरता के शिकार हुए हिंदु, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता दिए जाने पर कहा कि 'इनमें अधिकतर हमारे दलित भाई-बहन ओबीसी और अन्य अति पिछड़ी जातियों के लोग हैं, इन पर पलायन कर आए देशों में तो जुल्म हुआ ही, परंतु वोट बैंक की राजनीति में डूबी कांग्रेस और अन्य दलों की सरकारों ने भी इनके संरक्षण की कभी परवाह नहीं की। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले इस कानून को अमल में लाना भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा भी माना जा सकता है। हालांकि इस कानून को लागू करने और इसके तहत नागरिकता देने में देरी हुई है। क्योंकि यह विधेयक दोनों सदनों से पांच साल पहले ही पारित हो चुका है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इस कानून का इसलिए दुष्प्रचार करते रहे हैं कि इससे मुसलमानों की नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। जबकि इसमें देश के किसी भी धर्म से जुड़े नागरिक की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है, हां घुसपैठियों को जरूर नागरिकता सिद्ध नहीं होने पर बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। संसद और उसके बाहर ऐसे अनेक बौद्धिक आलोचक थे, जो यह प्रमाणित करने में लगे थे कि यह कानून 'आइडिया ऑफ इंडिया' अर्थात संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। लेकिन यह संदेह जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा-370 और 35-ए की तरह ही संवैधानिक है। इस कानून का मुख्य लक्ष्य धार्मिक आधार पर प्रताड़ित वह हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यक हैं, जिन्हें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से पलायन को मजबूर होना पड़ा है। भारत में आकर शरणार्थी जीवन जी रहे इन समुदायों के लोगों को अब देश की नागरिकता मिलने का रास्ता खुला है। नागरिकता प्राप्त करने के लिए आवेदन भी ऑनलाइन जारी कर दिया गया था। इसे शरणार्थी जरूरी दस्तावेजों के साथ भरकर नागरिकता की मांग कर सकते है। आवेदन करने वालों को 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश का वीजा और अप्रवासी होने के प्रमाण देने थे। धारा 5 के अंतर्गत अप्रवासी मुस्लिम या कोई भी विदेशी नागरिक आवेदन कर सकते हैं। पहले भी इन तीनों देशों के मुसलमानों को भारतीय नागरिकता दी जा चुकी है। यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। जाहिर है, यह कानून किसी धर्म या संप्रदाय के आधार पर भेदभाव से नहीं जुड़ा है।यह विधेयक मूल रूप में 1955 के नागरिकता विधेयक में ही कुछ परिवर्तन करके अस्तित्व में लाया गया है। 1955 में यह कानून देश में दुखद विभाजन के कारण बनाया गया था। इस समय बड़ी संख्या में अलग-अलग धर्मों के लोग पाकिस्तान से भारत आए थे। इनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई थे। कुछ लोग भारत से पाकिस्तान भी गए थे। इस आवागमन में सांप्रदायिक दंगे भी हुए, जिनमें ज्यादातर सहिष्णु हिंदू मारे गए थे। बावजूद भारत ने धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश बनाने का निर्णय लिया। लेकिन पाकिस्तान ने खुद को इस्लामिक राष्ट्र घोषित कर दिया। पाक के संस्थापक और बंटवारे के दोषी मोहम्मद अली जिन्ना के प्रजातांत्रिक सिद्धांत तत्काल नेस्तनाबूद कर दिए गए। 1948 में जिन्ना की मौत के बाद पाकिस्तान पूरी तरह कट्टर मुस्लिम राष्ट्र में बदलता चला गया। नतीजतन जो भी गैर-मुस्लिम समुदाय थे, उन्हें प्रताड़ित करने के साथ उनकी स्त्रियों के साथ दुराचार व धर्म परिवर्तन का सिलसिला तेज हो गया। ऐसे में ये पलायन कर भारत आने लगे। दरअसल इन गैर-मुस्लिमों का भारत के अलावा कोई दूसरा ठिकाना इसलिए नहीं था, क्योंकि पड़ोसी अफगानिस्तान भी कट्टर इस्लामिक देश बन गया था। 1955 तक ही करीब 45 लाख हिंदू और सिख भागकर भारत आ गए थे। इनको ही दृष्टिगत रखते हुए नागरिकता निर्धारण विधेयक 1955 बनाया गया था। 1971 में जब पाकिस्तान से अलग होकर नया बांग्लादेश बना तो इस दौरान हिंदू समेत अन्य गैर-मुस्लिमों पर विकट अत्याचार हुए। फलत: इनके पलायन और धर्मस्थलों को तोड़ने का सिलसिला और तेज हो गया। नतीजतन बड़ी संख्या में हिंदुओं के साथ बांग्लादेशी एवं पाकिस्तानी मुस्लिम भी बेहतर भविष्य के लिए भारत चले आए। जबकि वे धर्म के आधार पर प्रताड़ित नहीं थे। ये घुसपैठिए बनाम शरणार्थी पूर्वोत्तर के सातों राज्यों समेत पश्चिम बंगाल में भी घुसे चले आए। इनकी संख्या तीन करोड़ तक बताई जाती है। शरणार्थियों की तो सूची है, लेकिन घुसपैठिए केवल अनुमान के आधार पर हैं। पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों की सूची तो मात्र 1 लाख 16 हजार लोगों की हैं, बांकी घुसपैठिए हैं। इन घुसपैठियों और शरणार्थियों की सही पहचान करने की दृष्टि से ही यह नागरिकता संशोधन विधेयक लाया गया है। दरअसल मुस्लिम घुसपैठियों को बाहर करने की बात इनकी भारत में दस्तक शुरू होने के साथ ही हो गई थी। 26 सितंबर 1947 को एक प्रार्थना सभा में महात्मा गांधी ने कहा था कि पाकिस्तान में जो हिंदू एवं सिख प्रताड़ित किए जा रहे हैं, उनकी मदद हम करेंगे। 1985 में केंद्र में जब राजीव गांधी की सरकार थी, तब असम में घुसपैठिओं के विरुद्ध जबरदस्त प्रदर्शन हुए थे। नतीजतन राजीव गांधी और आंदोलनकारियों के बीच एक समझौता हुआ, जिसमें घुसपैठियों को क्रमबद्ध खदेड़ने की शर्त रखी गई। लेकिन इस पर अमल नहीं हुआ। डॉ मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री रहते हुए सदन में कहा था कि यदि पाकिस्तान व बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यक प्रताड़ित किए जा रहे हैं और वे पलायन को मजबूर हुए हैं, तो उन्हें भारतीय नागरिकता दी जानी चाहिए। किंतु मनमोहन सिंह ने लगातार दस साल प्रधानमंत्री बने रहने के बावजूद इस दिशा में कोई स्थाई कानूनी पहल नहीं की। जबकि, असम में इस दौरान कांग्रेस की सरकार थी और मनमोहन सिंह यहीं से राज्यसभा सदस्य थे। यदि नेहरु और लियाकत अली के बीच हुए समझौते का पालन पाक ने किया होता तो भारत को इस चिधेयक की न तो 1955 में बनाने की जरूरत पड़ती और न ही इसमें अब संशोधन किया गया होता? दरअसल, पाक, बांग्लादेश और अफगानिस्तान ऐसे मुस्लिम बहुल देश हैं, जिनमें गैर-मुस्लिम नागरिकों पर अत्याचार और स्त्रियों के साथ दुष्कर्म किए जाते हैं। चूंकि ये देश एक समय अखंड भारत का हिस्सा थे, इसलिए इन तीनों देशों में हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी बड़ी संख्या में रहते थे। 1947 में जब भारत से अलग होकर पाकिस्तान नया देश बना था, तब वहां 20 से 22 प्रतिशत गैर-मुस्लिमों की आबादी थी, जो अब घटकर दो प्रतिशत रह गई है। अफगानिस्तान में 2 लाख हिंदू और सिख थे। जो निरंतर प्रताड़ना के चलते महज 500 रह गए हैं। पाक ने दोगली मंशा के चलते बंटवारे के समय दलित हिंदुओं को केवल इसलिए रोके रखा, जिससे वे वहां गंदगी और मल-मूत्र साफ करते रहें। इन्हें आज भी न तो वोट का अधिकार प्राप्त है और न ही ये वहां चल रही लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले पाते हैं। इन्हें किसी भी तरह का चुनाव लड़ने का अधिकार भी नहीं है। नतीजतन ये 1947 से भी ज्यादा बद्तर जीवन ये वर्तमान में गुजार रहे हैं। बावजूद दलित कल्याण के अहंकार में गिरफ्त मायावती ने इस अन्याय के विरुद्ध कभी आवाज नहीं उठाई। जब बांग्लादेश वजूद में आया, तब वहां, बांग्लादेश की आजादी की लड़ाई लड़ रहे मुक्ति संग्राम के जवानों ने गैर-मुस्लिम स्त्री व पुरुषों के साथ ऐसे दुराचार व अत्याचार किए कि वे भारत की ओर पलायन करने को मजबूर हुए। इन लोगों की संख्या 10 लाख से भी ज्यादा थी। बांग्लादेश के समाज के मिजाज पर निगाहें रखने वाले समाजशास्त्री इस्माइल सादिक, रॉबिन डिसूजा व पुरंदर देवरॉय बहुत पहले लिख चुके हैं कि 'वहां के समाज का बड़ा हिस्सा धार्मिक अल्पसंख्यकों की आजादी को पसंद नहीं करता है। इन समुदायों के पर्व-त्योहारों पर इसलिए आक्रामक हो उठता है, ताकि वे अपने पर्वों को मनाने से डरें और पलायन को विवश हों? हम सब जानते हैं कि अफगानिस्तान के आतंकवादियों ने वामियान की चट्टानों पर उकेरी गई, भगवान बुद्ध की मूर्तियों को तोपों से सिर्फ इसलिए उड़ा दिया था, क्योंकि वे भिन्न धर्म से संबंध रखती थीं। इससे पता चलता है कि इन देशों में बहुसंख्यक धर्मावलंबी, दूसरे धार्मिक समुदायों को कतई पसंद नहीं करते हैं। ऐसे गैर-मुस्लिम अब तक भारत में पहचान छिपाकर रहने को मजबूर थे, क्योंकि उनके पास भारतीय नागरिकता नहीं थी। छह धर्मों से जुड़े ऐसे गैर-मुस्लिमों को इस कानून में नागरिकता देने के कारगर प्रावधान किए गए हैं। लेकिन इसमें मुस्लिमों को शामिल नहीं किए जाने का विरोध कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वामपंथी संगठन इसलिए कर रहे थे, क्योंकि वे मुस्लिमों को महज वोट-बैक मानते हैं। इस कानून के संसद में बनते वक्त दिल्ली के शाहीनबाग में महीनों तक धारणा प्रदर्शन चला। अंतत: इस अराजक धरने के कारण दिल्ली को भीषण दंगों का सामना करना पड़ा। जिसमें 50 से ज्यादा लोग ऐसे समय मारे गए थे, जब अमेरिकी राश्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत की यात्रा पर थे। मूल नागरिकता कानून में किसी को भी भारत का नागरिक बनने के लिए लगातार 11 वर्षों तक भारत में रहने की शर्त पूरी करनी होती है। नए विधेयक में इसे घटाकर 6 वर्ष कर दिया गया है। यह इसलिए जरूरी था, क्योंकि कि भारत में जो गैर-मुस्लिम धर्म के आधार पर सताए जाने के कारण आए हैं, उनके पास भारत के अलावा कोई ठिकाना नहीं है? जो घुसपैठिए मुस्लिम हैं, वे तो किसी भी मुस्लिम देश में शरण ले सकते हैं। इसलिए इस ऐतिहासिक कानून के वजूद में आने के बाद न तो भारत की पंथ या धर्मरिपेक्षता प्रभावित होती है और न ही उसके उदार व सहिष्णु चरित्र को हानि पहुंचती है। क्योंकि भारत ने तो उदार सहिष्णुता दर्शाते हुए उन लोगों को नागरिकता का अधिकार देने के कानूनी उपाय किए हैं, जिन्हें धर्म के आधार पर इस्लामिक देशों ने प्रताड़ित किया। बहरहाल यह कानून मानवीयता के सारोकारों से जुड़ा अह्म कानून है, जिसे दुनिया को एक मिसाल के रूप में देखना चाहिए। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मांग पर 13 हजार हिंदू और सिखों को नागरिकता दी गई थी। पिछले तीस वर्षों में 30,000 से अधिक पाकिस्तानी मूल के नागरिकों को भारतीय नागरिकता मिल चुकी है। इनमें 99 फीसदी सिंधि है। नए कानून के तहत इंदौर में 2000 से अधिक सिंधि नागरिकता पाने की कतार में हैं। अलबत्ता नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अब तक 566 मुस्लिमों को भारतीय नागरिकता दी गई है। यह आंकड़ा स्वयं गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में बहस के दौरान पेश किया था। खासतौर से कांग्रेसियों को नहीं भूलना चाहिए कि 1971 में जब इंदिरा गांधी के प्रयास से बांग्लादेश वजूद में आया था, तब बांग्लादेश से आए लोगों को तो नागरिकता दी गई थी, लेकिन पाकिस्तान से आए लोगों को नहीं दी गई थी। युगांडा के शरणार्थियों को भी इंदिरा गांधी ने नागरिकता दिलाई थी। लिहाजा देश किसे नागरिकता दे, किसे न दे, यह संविधान सम्मत है। इस नाते समानता का सिद्धांत उन्हीं पर लागू हो सकता है, जिन्हें भारतीय नागरिकता दी गई है। यह अधिकार केंद्र सरकार के पास सुरक्षित है कि वह किसे शरण दे और किसे भारतीय नागरिकता प्रदान करे।

**-प्रमोद भार्गव, लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

## जीवन को निर्मल बनाता सत्संग

84 लाख योनियों के विकट, दुरूह दु:ख सहने बहुत मुश्किलो के बाद व प्रभुकृपा से देव दुर्लभ मानव का जन्म प्राप्त होता है मनुष्य के जन्म के बाद



प्रथम अवस्था में खेल-कूद, पढ़ाई-लिखाई में गुजर जाती है यौवनावस्था में मन विषय- विकार से संतृप्त हो जाता है फिर नौकरी, व्यवसाय ,विवाह, बाल-बच्चों का लालन-पालन में व्यातीत हो जाता है फिर निगोड़ी वृद्धावस्था सिर पर आ खड़ी होती है शैने-शैने शरीर ढलने लगता है फिर जर्जर अवस्था में रोग ,शरीर को घेर लेते हैं दवाईयो व परहेज से शरीर कमजोर होने लगता है अन्तत: एक दिन शरीर मत्युशैया पर लेट इसका अन्त हो जाता है कब मनुष्य जन्म मिला और गफलत में व्यतीत हो गया इसे पता ही नहीं चलता आखिर सब योनियों में श्रेष्ठ मानव जीवन में जन्म लेने का उद्देश्य क्या था किस कारण से यह प्राप्त हुआ इस मर्म को संत जन बड़ी गहराई से मनुष्य को समझाते है यह मानव देह बड़ी दुर्लभ है समय रहते समय के संत- महापुरुषो के सानिध्य में आकर गुरु से नाम-दीक्षा ग्रहण कर सेवा,नाम के स्मरण का अभ्यास व ध्यान कर इस मनुष्य जीवन का लाभ उठा ले व भवसागर से पार हो जा बार बार के जन्म मरण से छूट जा यह ज्ञान हमें सत्संग के माध्यम से होता है गोस्वामी तुलसीदास जी रामचरितमानस में कहते हैं, बिनु सत्संग विवेक न होई राम कृपा बिनु सुलभ न सोई.. सत्संग मन को निर्मल व पवित्र बनाता है भतृहरि कहते हैं सत्संग मूर्खता को हर लेता है यह मानव जन्म के कल्याण व लक्ष्य के बारे में ज्ञान कराता है मन ,काल व माया की विकटता को सहजता से समझाता है ईश्वर,जीव व प्रकृति के बारे में बताता है श्रेष्ठ व उत्तम जनों का संग व श्रेष्ठ पुस्तको का संग व मनन करना जरूरी है जैसे शरीर को ऊर्जा व पोषण के लिए भोजन की अवश्यकता होती है वैसे आत्मा की पवित्रता व खुराक के लिए व पाप निवारण व वाणी में सत्यता का संचार करने के लिए सत्संग के महती आवश्यकता है क्योंकि जैसा संग वैसा रंग।, महर्षि नारदजी के सत्संग- उपदेश के प्रभाव से रत्नाकर डाकू; महर्षि वाल्मीकि बन गये। व आम्रपाली गौतमबुद्ध के सत्संग- सानिध्य से भव सागर तर गई गृहस्थ -संन्यासी महाराज जनक नियमित सत्संग के प्रभाव से विदेह कहलाये सत्संग मनुष्य के लिए एक प्रकाशस्तभं की भांति जीवन को आलोकित करने वाला है, कबीरदास जी कहते हैं कि,,कबीरा संगति साधु की हरे और की व्याधि।, संगति बुरी असाधु की आठों पहर उपाधि ।। एक घड़ी आधी घड़ी आधी से पुन आध। तुलसी संगत साध की कटे कोट अपराध।

प्रस्तुति-नरेश छाबड़ा, रूद्रपुर

# प्रभु स्मरण करते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़े: हरिचैतन्यपुरी

किच्छा (उद संवाददाता)।श्री हरि कृपा पीठाधीघ्श्वर संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में आप आगे बढ़ो तो कठिनाइयां, बाधाएं, परीक्षाएं, आना स्वाभाविक है प्रभु स्मरण करते हुए प्रभु नाम लेते हुए चलें तो, वो आपके सामने टिक नहीं पाएंगी। जैसे हनुमान जी सीता रूपी भक्ति को प्राप्त करने के लिए चले तो मार्ग में आने वाली बाधाओं को सहज में ही पार कर लिया। जो व्यक्ति विपत्तियों, बाधाओं व परेशानियों से लड़ने की क्षमता रखता हो वही जीवन के विकास का सच्चा आनंद प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि आराम तलब आदमी कभी भी लौकिक क्षेत्र में या पारलौकिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। यदि कोई व्यक्ति किसी वस्तु पदार्थ को पाना चाहता है उसके लिए प्रयास करता है और यदि थक कर बीच में अपना विचार ना बदल दे तो उसे अवश्य ही प्राप्त कर लेता है। यदि



व्यक्ति पुरुषार्थ करें तो ईश्वर भी उसकी सहायता करता है। उन्होंने कहा कि सबसे महान व्यक्ति वह है जो दृढ़तम निश्चय के साथ सत्य का अनुसरण करता है। जो व्यक्ति उद्योग वीर है वह कोरे वाग्वीर व्यक्तियों पर अधिकार जमा लेता है। जिसे हमारा हृदय महान समझे वह महान है। आत्मा का निर्णय सदा सही होता है। किसी का तिरस्कार ना करें। जो भी देखें, सुने या पढ़ें उस पर विचार करें, किसी को भी नुकीले व्यंग बाण ना चुभायें अतार्थ ऐसा कुछ ना बोलें जिससे किसी के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे। किसी का दिल दुखे या प्रेम, एकता,सद्भाव नष्ट हो जाए, अशांति हो जाए कलह- क्लेश या वैमनस्य पैदा हो जाए। हमारे हृदय उद्धार व विशाल होने चाहिए। इससे पूर्व हल्द्वानी, मोटाहल्दू व आसपास के गाँवों में पहुँचने पर हजारों भक्तों ने श्री महाराज जी का भव्य स्वागत किया तथा श्री महाराज जी का पावन जन्मोत्सव अग्रिम रूप से धूमधाम से मनाया।

# वृक्ष लगाकर उनका पालन पोषण भी करना होगा

गदरपुर (उद संवाददाता)। एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान श्री रमदास अमृतसर साहिब से पधारे बाबा भगवत भजन सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर तथा उनका पालन पोषण करके अपने जीवन को सुखी एवं दीर्घायु बनाए जाने का आह्वान किया गया। ग्राम सूरजपुर नंबर 1 में स,मंगल सिंह के प्रतिष्ठान पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ के भोग के उपरांत दीवान सजाए गए, जिसमें बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा संगत को मूल मंत्र,गुरु मंत्र एवं विभिन्न शब्दों का पाठ सामूहिक रूप से करवाते हुए सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई ।उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए भी प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग रोकने का आवाहन तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण की अपील की । डेरा बाबा नानक से आए रागी भाई वीर सिंह नामधारी द्वारा गुरबाणी कीर्तन एवं कथा के माध्यम से भक्त रामानंद एवं कबीर दास जी के जीवन वृतांत पर



प्रकाश डाला और आनंद साहिब की वाणी का जाप करके संगत को आनंदित किया गया। कथावाचक भाई मुख्तियार सिंह एवं देवेंद्र सिंघ ने गुरबाणी पाठ तथा शहीदों की दास्तान का वर्णन करते हुए देश एवं धर्म के लिए शहीद हुए महापुरुषों के जीवन चित्रण का वर्णन किया। वही गुरु अमरदास जी के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं भी प्रदान की।

# सेवानिवृत्त मुक्ता प्रसाद को दी विदाई

गदरपुर (उद संवाददाता) ।सर्व इंडिया इंटर कॉलेज रोशनपुर में सहायक अध्यापक पद पर विगत 32 वर्षों से सेवा कर रहे मुक्ता प्रसाद शर्मा 30 मार्च को सेवानिवृत हो गए थे लेकिन विद्यालय के अधिकांश शिक्षक परिषदीय परीक्षा व लोकसभा सामान्य निर्वाचन ड्यूटी में होने के कारण विद्यालय परिवार के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन नहीं हो पाया था। जिस कारण ग्रीष्मकालीन अवकाश के पहले विद्यालय के समस्त शिक्षकों के द्वारा सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल द्विवेदी ने मुक्ता प्रसाद शर्मा के 32 वर्षीय कार्यकाल पर प्रकाश



डाला। विद्यालय परिवार उनका हमेशा ऋणी रहेगा। पूर्व प्रधानाचार्य रामविलास व अभिमन्यु सिंह ,अंजली जगाती शाह ने भी मुक्ता प्रसाद की कार्यशैली, कर्तव्य निष्ठा व छात्र-छात्राओं प्रति के कुशल व्यवहार व संस्था के प्रति ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के बारे में बताया। प्रवक्ता- समाजशास्त्र डॉ संदीप कुमार पांडेय ने अपने संबोधन में मुक्ता प्रसाद के कुशल स्वास्थ्य व दीर्घायु की कामना करते हुए भविष्य में अपने ज्ञान व अनुभव के द्वारा विद्यालय का मार्गदर्शन की बात कही। सहायक अध्यापक अमित कुमार ने व्यक्तित्व व कार्यशैली पर कविता के माध्यम से प्रकाश डाला।

# शकील अहमद समर्थकों के साथ आप में शामिल

गदरपुर(उद संवाददाता)। रविवार को शकील अहमद ने अपने 110 समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया।आम आदमी पार्टी के कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर ने शकील अहमद को आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई। शकील अहमद और नए कार्यकर्ताओं ने गदरपुर पहुंचे कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर व पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी सहित अन्य पदाधिकारी का मलयार्पण कर स्वागत किया। कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर ने बताया कि आम आम आदमी पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर शकील अहमद ने सदस्यता ग्रहण की है। कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष एस एस कलेर ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी की और से बधाई दी। उन्होंने अपने नए कार्यकर्ताओं व आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने पूरे देश में लूट मचा रखी है



किसान बेहाल हैं युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है शिक्षा और स्वास्थ्य सुविध । बदहाल हैं कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी हुई है प्रदेश की सरकार आज हर मोर्चे पर फेल है। केंद्र में प्रदेश की सरकार 5 किलो राशन देकर वहां वही लूट रही है जबकि भाजपा सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली पानी देने में विफल साबित हो रही है। आम आदमी पार्टी का उत्तराखंड में जनाधार बढ़ रहा है आने वाले समय में दिल्ली और पंजाब की तरह उत्तराखंड में भी आम आदमी पार्टी अपना परचम लहराएगी। काशीपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने बताया कि शकील अहमद से लंबे समय से बातचीत चल रही थी और उनके द्वारा पार्टी के नीतियों को बहुत अच्छे से समझने के बाद आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली गई । बाजपुर से आए जगतार सिंह बाजबा ने यहां आए सभी लोगो का स्वागत करते हुए कहा कि बिजली,पानी,रोजगार सड़क, शिक्छा, केवल आम आदमी पार्टी की सरकार ही दे सकती है। आम आदमी पार्टी रुद्रपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष जसपाल सिंह ने कहा कि दिल्ली,पंजाब के बाद अब उत्तराखंड में भी आम आदमी पार्टी अपनी बढ़त बना रही है आम आदमी पार्टी में ही जनता को अपना भविष्य दिख रहा ह। कुलवंत सिंह ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ताओं को अपने आप को छोटा नहीं मानना चाहिए आम आदमी पार्टी की शुरुआत अरविंद केजरीवाल ने की थी और आज दो प्रदेशों में फुल बहुमत के साथ सरकार चल रही है और धीरे-ध ीरे यह चलन बढ़ता ही जाएगा। वही शकील अहमद ने पहुंचे सभी लोगों का आभार किया बताया कि आम आदमी पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है वह उसका निर्वहन करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पेज एक का शेष...

**वापस लौटी आयकर विभाग...**एलायंस कालोनी स्थित घर पर एक साथ छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान सौरभ गावा के घर पर कोई नहीं मिला था जिस कारण टीम ने मकान को सील कर दिया था। सौरभ गावा परिवार सहित मेहंदीपुर सहित अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए गये थे। बृहस्पतिवार सुबह से आयकर विभाग की अलग अलग टीमें नारंग के गल्ला मण्डी स्थित प्रतिष्ठान नारंग फर्नीचर मार्ट, उनके सिविल लाईन स्थित आवास और मॉडल कालोनी स्थित विनायक प्लाई के कारपोरेट आफिस में छानबीन कर रही थी। जबकि यूपी में भी कुछ स्थानों पर विनायक प्लाई के कार्यालयों में छापेमारी की गयी। शुक्रवार शाम को गल्ला मण्डी में नारंग फर्नीचर पर जांच पूरी करते हुए टीम ने प्रतिष्ठान स्वामी गुलशन नारंग को छोड़ दिया था, जिसके बाद गुलशन नारंग दुकान बंद कर सिविल लाईन स्थित घर चले गये। उनके निवास पर टीम शनिवार को भी डेरा जमाए रही। शनिवार सुबह सौरभ गावा के भाई नितिन गावा वापस लौटे तो उनकी मौजूदगी में जांच अधिकारियों ने घर की सील खोलकर जांच शुरू की। सौरभ गावा की कोठी पर आज दूसरे दिन भी जांच की गयी। जबकि गुलशन नारंग के घर और विनायक प्लाई के कारपोरेट आफिस में लगातार चौथे दिन अधिकारी जांच में जुटे रहे। जांच की कार्रवाई के बीच रविवार को रौनिक नारंग की तबियत बिगड़ने पर उन्हें पुलिस की निगरानी में शहर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। बताया जाता है कि रौनिक नारंग कल से ही सीने में दर्द और पेट में दर्द की शिकायत कर रहे थे लेकिन विभागीय टीम ने उन्हें कल से अस्पताल नहीं जाने दिया गया। रविवार को दर्द ज्यादा बढ़ने पर उन्हें अस्पताल भेजा गया। इस दौरान वहां बड़ी संख्या में व्यापारी भी एकत्र हो गये। वहां मौजूद व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने आरोप लगाया कि आयकर विभाग जांच के नाम पर जानबूझकर व्यापारी के परिवार का उत्पीड़न कर रहा है। दोपहर बाद आयकर विभाग की टीम तीनों स्थानों पर जांच पूरी करके वापस लौट गये। फिलहाल जानकारी मिली है कि आयकर विभगा को चार दिन की छानबीन में कोई बड़ी गड़बड़ी नहीं मिली है। टीम अपने साथ नारंग का लैपटॉप, मोबाइल, हार्डडिक्स और कुछ जरूरी दस्तावेज साथ लेकर गयी है। पूरी जांच के दौरान नारंग के घर से कुल 3 लाख 30 हजार रूपये की रकम बरामद हुयी थी, जिसे टीम ने परिवार को वापस लौटा दिया।

**हवाई साबित हुई करोड़ों...**चुकी है तो कहीं तहखाने में करोड़ों रूपये की नगदी बरामद होने की बात की गई। यही नही करोड़ो रूपये की सम्पत्तियों के कागजात होने की बात भी सोशल मीडिया पर खूब फैलायी गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट हुई इन खबरों के चलते नगर ही नही आस-पास के लोगों में तमाम तरह की चर्चाओं का बाजार गरम रहा। यही नही आम जनता ने भी करोड़ों रूपये की नगदी बरामद होने की सीमा 700 करोड़ रूपये तक पहुंचा दी गई। जबकि सच्चाई यह है कि आयकर विभाग की टीम को छापे में कितने करोड़ों की नगदी,सम्पत्ति सहित क्या बरामद हुआ इसकी जानकारी सिर्फ आयकर विभाग की टीम के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति को नही थी। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर तमाम तरह के तथाकथित तथ्यों को पोस्ट कर जनता के बीच भ्रांतियां फैलाई जाती रही। अपनी जांच के सम्बंध में आयकर विभाग की टीम या इसके किसी भी सदस्य द्वारा इस सम्बंध में कोई जानकारी सांझा नही की गई। आयकर विभाग की टीम आज अपनी जांच पूरी कर वापस लौट गई है। बताया जाता है कि आयकर विभाग की टीम को इस दौरान कोई विशेष गड़बड़ी नही मिली। आयकर विभाग द्वारा अपने साथ हिसाब-किताब के कुछ पेपर, एक मोबाईल और लैपटॉप की हार्डडिस्क अपने साथ ले गई है। बहरहाल सोशल मीडिया पर करोड़ों रूपये बरामद होने की खबर पड़ताल बेबुनियाद निकली। सोशल मीडिया पर पोस्ट हुई ऐसी खबरों की नारंग परिवार के साथ व्यापार मण्डल ने निन्दा की है।

**हमारे खिलाफ हुई ...**ने कहा कि किसी की साजिश के तहत सब कुछ हुआ। उनका कहना था कि कोई आगे बढ़ता है तो लोगों को जलन होती है। यह सब उसी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि मेरे बच्चों ने मेहनत की और खून पसीना बहाया तब जाकर सफलता हासिल की, लेकिन बच्चों की सफलता कुछ लोगों को हजम नहीं हो रही है। गुलशन नारंग ने बताया कि बृहस्पतिवार को जब आयकर विभाग की टीम पहुंची तब वो दुकान पर थे। जो भी जानकारी टीम मांगी वो उन्हें दी गयी। उन्हें किसी भी तरह से टॉर्चर नहीं किया। गुलशन नारंग ने कहा कि पूरा शहर इस विपदा में उनके साथ खड़ा रहा। जिसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया के दौरान कुछ लोग करोड़ों रूपये मिलने की अफवाह फैलाते रहे जिसकी वह निंदा करते है। कुछ लोगों ने उन्हें इस मामले में बदनाम करने की कोशिश की।

**पूर्णागिरी आ रही बस...**हो गई और अन्य 25 घायल यात्री घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। हादसे की खबर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजन लाशों के ढेर में अपनों को तलाशते रहे। यह मंजर देख पुलिसकर्मियों का कलेजा भी कांप उठा। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे में सीतापुर के थाना कमलापुर के गांव बड़ा जटहा निवासी केदारी की पत्नी 45 वर्षीय सोमवती, छोटेलाल की पत्नी छुटकी, रूपेश का 16 वर्षीय पुत्र अजीत, प्रमोद कुमार, शिवशंकर, रामदास की पत्नी 30 वर्षीय मीना देवी, थाना मछरेहटा के गांव घुरेनी निवासी गंगाराम की पत्नी 36 वर्षीय सुमन, पुत्र आठ वर्षीय आदित्य सहित 11 लोगों की मौत हुई है। घालयों में गांव बड़ा जटहा की सोनावती, रितिक पुत्र अनिल, वीरेंद्र, अवंतिका, सुशील, अमित, अजय, शिवरानी, बालकिशन, बिट्टू, आदित्य, विजय कुमार, रामू, विजय, महारानी, विकास आदि को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटनास्थल के अलावा सीएमसी से लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज तक, जिसने भी यह मंजर देखा वो स्तब्ध रह गया। बस में सवार अनिल कुमार ने बताया कि वे लोग गांव से सीतापुर के सिधौली कस्बे तक अपने साधनों से आए थे। सिधौली से लगभग 75 से 80 यात्रियों को लेकर बस पूर्णागिरि धाम के लिए रवाना हुई थी। गांव के रूपेश कुमार हर वर्ष एक बस पूर्णागिरि ले जाते हैं। यात्री उससे ही बुकिंग कर लेते हैं। इस बार भी रूपेश ने ही बस बुक की थी। रात लगभग दस बजे बस खुटार के एक ढाबे पर रुकी। बस सवार लोगों में कुछ लोग नीचे उतर आए और कुछ लोग बसों में ही बैठे रहे। इस बीच खुटार की ओर से तेज रफ्तार बजरी भरा डंपर आया। डंपर अचानक रोड के बायीं ओर उतरता चला गया और बस की बीच के हिस्से को चीरता हुआ घुस गया। अनिल के अनुसार डंपर चालक शायद सो गया था। इस कारण बड़ा हादसा हो गया।

**बंद घरों में चोरी...**गहन छानबीन के बाद पुलिस टीम ने हल्दी पुल मझोला के पास चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो वाहन स्कूटी संख्या यूके 06एवाई 8903 और मोटरसाईकिल संख्या यूपी 25-डीवी 6021 में सवार 2 महिला व 2 पुरूष इमरान पुत्र सफी अहमद निवासी वार्ड न0 2 ईदगाह रोड थाना खटीमा , खुशबू पत्नी असरफ उर्फ मुन्ना उर्फ कालिया निवासी वार्ड न0 2 ईदगाह रोड थाना खटीमा , मो0 फैजान पुत्र वशुरुद्दीन निवासी मदीना मस्जिद के पास नौगवा पकड़िया इस्लामनगर थाना सुनगढ़ी जिला पीलीभीत एवं सिम्मी बी पत्नी मौ0 फैजान निवासी मदीना मस्जिद के पास नौगवा पकड़िया इस्लामनगर थाना सुनगढ़ी जिला पीलीभीत की तलाशी ली तो उनके पास से कुल 154.56 ग्राम सोना तथा 801.5 ग्राम चांदी आभूषण बरामद हुए।पूछताछ में पता चला कि ये जेवर उन्होंने राशिद अंसारी और कैलाश जोशी के घर से चोरी किये थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग गिरोह के रूप में काम करते हैं, जिसमें असरफ उर्फ मुन्ना उर्फ कालिया पुत्र लतीफ अहमद तथा अकील पुत्र मुन्ने चोरी करते हैं तथा चोरी किये गये आभूषणों को थोड़ा थोड़ा करके हम चारों में बांट देते हैं, फिर उस सामान को खटीमा से दूरस्थ स्थानों में बेचकर उनसे अर्जित धन को अशरफ व अकील को दे देते हैं, उसमें से वह लोग उन्हें उनका हिस्सा दे देते हैं। पकड़े गये अभियुक्त इमरान ने बताया कि अशरफ और अकील चोरी की घटना को अंजाम देने के लिये उसकी स्कूटी का इस्तेमाल करते हैं, टेड़ाघाट में चोरी करने के दिन भी असरफ उर्फ मुन्ना उर्फ कालिया और अकील ने उसकी इसी स्कूटी का इस्तेमाल किया था, बरामद मोटर साईकल अपाचे के बारे में बताया कि अकील द्वारा टेड़ाघाट में जो चोरी की थी उसमें से कुछ जेवर बेचकर उसने यह मोटरसाईकिल बरेली से खरीदी है । एसपी क्राइम ने बताया कि पकड़े गये आरोपी संगठित गिरोह के रूप में थाना क्षेत्रान्तर्गत व बाहरी राज्यों में दुपहिया वाहनों को लेकर रैकी के लिए निकलते हैं तथा बन्द घरों को चिन्हित कर उनमें लगो तालों को आलानकब से तोड़कर घरों में रखे नगदी व जेवरात चोरी करते हैं जिसमें मुख्य रूप से अशरफ उर्फ कालिया व अकील बन्द घरों से चोरी करते हैं व प्राप्त जेवरात को बेचने के लिए इमरान, खुशबू , फैजान और सिम्मी को देते हैं तथा स्वयं अपने घरों को छोड़कर फरार हो जाते हैं। इसके बाद इमरान, खुशबू, फैजान व सिम्मी उक्त चोरी के आभूषणों को थोड़ी थोड़ी मात्रा में खटीमा शहर से दूरस्थ स्थानों में ले जाकर बेचते हैं और प्राप्त धनराशि को अशरफ व अकील को देते हैं जिसमें से अशरफ व अकील इनको इनका हिस्सा देते हैं। पकड़ी गयी खुशूबू और सिम्मी के खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

**जुआरियों ने पुलिस...**जुआरी वहां से भाग निकले। पुलिस ने फरार जुआरियों की पहचान करनी शुरू कर दी है। वहीं घायल गणेश का उपचार कराया गया।

**कार की टक्कर से ...** बताया जाता है कि आज दोपहर दोनों बाईक पर सवार होकर आवास विकास निवासी अपने दोस्त मनोज से उधार के रूपये लेकर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान अटरिया मोड़ पर तेज गति से जाती कार ने बाईक को टक्कर मार दी। दोनों घायलों का उपचार चल रहा है।


## सूचना संबंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र दिवाकर वासन आये दिन परिवार के साथ लड़ाई झगड़ा करता है और जान से मारने की धमकी देता है। मेरी कोई देखभाल भी नहीं करता है। उसके चाल-चलन और व्यवहार से दुखी और परेशान होकर मैंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बदेखल कर दिया है और दिवाकर वासन के साथ सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उक्त दिवाकर वासन अपने किसी भी अच्छे बुरे कार्य और लेन-देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा।

सुधीर कुमार वासन पुत्र जगजीत सिंह निवासी
मेन मार्केट, वार्ड नं. 11, निकट गांधी पार्क रोड,
रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नहीं थम रही है सेल टैक्स की चोरी

## तड़के सीमा पार कर रहे ईंटों भरे ट्रक, राजस्व को प्रतिदिन लाखों का चूना

काशीपुर। विभागीय अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण यहां बड़ी तादाद में सेल टैक्स की चोरी हो रही है। इस बारे में लगातार खबरें प्रकाशित होने के बावजूद विभागीय अधिकारी संदिग्ध चुप्पी साधे हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले लंबे समय से अलीगंज रोड, दढियाल रोड, मुरादाबाद रोड के अलावा जसपुर स्थित सन्यासी वाला से होकर यूपी के चंदौसी संभल ठाकुरद्वारा आदि इलाकों से ईंटों भरे ट्रक उत्तराखंड की सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। यानी लाखों रूपए के सरकार के राजस्व का प्रतिदिन यहां नुकसान हो रहा है इसके बावजूद सेल टैक्स के अधिकारी इस तरह की गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए कोई सार्थक कदम नहीं उठा पा रहे हैं। उधर दूसरी ओर सूत्रों का कहना है कि सेल टैक्स इस तरह से रोजाना राज्य की सीमा में प्रवेश करने वाले ट्रैक्टर ट्राली तथा ट्रकों से सेल टैक्स का महीना बंधा है। मुरादाबाद रोड पर सेल टैक्स की ऑफिस है। राज्य की सीमा पर स्थापित चेक पोस्ट पिछले कुछ समय



से दलाली की भेंट चढ़ चुका है। इस चेक पोस्ट से जुड़कर कुछ दलाल किस्म के लोग सड़कों पर भारी हल्के वाहनों से डीलिंग करते देखे जा सकते हैं। ऐसे ही सरिया फैक्ट्री में लगातार जा रहे हैं स्क्रैप तथा परचून के सामानों से लदे ट्रकों को बगैर पर्ची काटे छोड़े जाने को लेकर चर्चाओं का बाजार यहां गर्म है। काशीपुर के एक व्यापारी के ऊपर आरोप है कि वह दिल्ली से परचूनी का सामान यहां नियमित रूप से मंगा रहा है लेकिन सरकार को टैक्स अदा करने में बड़ा गोलमाल है। **पुलिसिंग पर भी खड़े हो रहे सवाल :** राज्य की सीमा के करीब अलीगंज रोड पर स्थापित पैगा पुलिस की कार्य शैली पर भी अब सवाल खड़े होने लगे हैं। आरोप है कि इस चौकी में तैनात पुलिसकर्मी ड्यूटी के नाम पर यूपी की सीमा से उत्तराखंड में प्रवेश करने वाले ऐसे वाहनों को सुविधा शुल्क के दम पर हरी झंडी दे देते हैं। **टांडा उज्जैन चौराहे पर हो रही अवैध वसूली :** रात्रि 11 बजे के बाद से सुबह 6:बजे तक अलीगंज रोड पर अवैध खनन से भरे डंपर सड़कों पर मौत के मानिंद फर्राटा भरते हैं। टांडा उज्जैन चौराहे पर एक व्यक्ति द्वारा पूरी रात अवैध खनन भरे वाहनों से अवैध वसूली किए जाने की सूचना है। प्राइवेट व्यक्ति कौन है जो पूरी रात खनन भरे वाहनों से वसूली करता है और दिन के उजाले में गायब हो जाता है। इसी तरह अलीगंज अड्डे पर भी कई बार प्राइवेट लोगों द्वारा वाहनों से वसूली करते देखा गया।

# लावारिस सांड से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

हल्द्वानी। हल्द्वानी में लावारिस सांड के कारण एक और जान चली गई। यहां एक लावारिस सांड के कारण दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। सांड की एक बाइक से टक्कर हो गई और इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद से परिजनों में कोहरमा मच गया है। हल्द्वानी में आवारा सांड आए दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं। शुक्रवार को एक लावारिस सांड के कारण दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक हैड़ागज्जर गोरापड़ाव निवासी कुंदन सिंह बिष्ट उर्फ कमल (31) पुत्र चंदन सिंह की अपनी ड्यूटी खत्म कर घर को लौट रहे थे। इसी दौरान बेलबाबा के पास उनकी बाइक के सामने अचानक एक सांड आ गया और दोनों की टक्कर हो गई। बाइक और सांड की टक्कर से बाइक सड़क पर रगड़ गई और युवक दूर गिर गया। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि युवक बाइक के गिरते वक्त होश में था लेकिन गंभीर रूप से घायल था। उसके हाथ-पैर के साथ ही शरीर के कई अंगों पर चोट लगी हुई थी और खून बह रहा था। उसने खुद अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी थी। आनन-फानन में मौके पर मौजूद लोग कुंदन को सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुंदन अपने घर का इकलौता बेटा था। इकलौते चिराग के बुझ जाने से परिजनों में कोहराम है। मृतक की दो साल पहले ही शादी हुई थी। पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।



# भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

गदरपुर (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर का दायित्व ग्रहण समारोह नगर के एक रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ।शाखा गदरपुर के दायित्व ग्रहण समारोह में प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री संजय राधू एवं प्रांतीय संयोजक दिव्यांग सहायता विरेन्द्र सुखीजा अतिथि के रूप में पधारे।सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।दीप प्रज्वलन के पश्चात वन्देमातरम का गान सभी सदस्यों नेसामूहिक रूप से किया।शाखा के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया।नवीन सदस्यों का परिचय एवं स्वागत किया।तत्पश्चात शाखा की नवीन कार्यकारिणी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज,उपाध्यक्ष गौरव मदान,सचिव प्रमोद बजाज,कोषाध्यक्ष डॉ विनीत अरोड़ा,महिला संयोजिका श्रीमति ज्योति ग्रोवर का दायित्व ग्रहण कराया। कार्यकारिणी के पश्चात भारत को जानो,गुरु वंदन छात्र अभिनंदन,पर्यावरण संरक्षण,राष्ट्रीय समूह गान बाल संस्कार एवं महिला सहभागिता के संयोजकों जीवन मदान,राकेश भुड्डी,राजीव ग्रोवर,अमित नारंग, श्रीमति रिया छाबड़ा




को भी दायित्व ग्रहण कराया।प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य दीपक सुधा ने परिषद उद्देश्यों के बारे में सदस्यों को अवगत कराया इस अवसर पर अशोक भुड्डी, मनोज डाबर, राज कुमार भुड्डी, सरोज बजाज,शीना अरोड़ा,रमन छाबड़ा,बलदेव छाबड़ा,अरविंद धवन,अजय श्रीवास्तव, प्रमोद गगनेजा, शीतल छाबड़ा,पंकज बजाज, हरीश बजाज ,नवीन खेड़ा,पंकज खेड़ा,राकेश चावला,सोनू विश्वास, काम्बोज,मनोज कक्कड़ सहित सभी सदस्य उपस्थित थे।

# प्राथमिक विद्यालय तिलियापुर का बुरा हाल





**-विक्की मण्डल-**

शक्तिफार्म। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलियापुर में कक्षा 6 से 8 तक तीन कक्षाएं संचालित हैं लेकिन केवल एक कक्षा कक्ष है। दो कक्षाएं एक कमरे में चलती हैं। तीसरी कक्षा बरामदे में संचालित होती है। शिक्षक भी दो हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी इस बारे में जानकारी होने से इंकार कर रहे हैं। शिक्षा विभाग के अफसर एसी कमरों में बैठकर सरकारी स्कूलों में व्यवस्थाएं दुरस्त होने का दावा करते हैं। इन अफसरों को विद्यालय की वास्तविक स्थिति की जानकारी तक नहीं है। शक्तिफार्म के गांव तिलियापुर में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय एससी बहुल्य क्षेत्र हैं, इस विद्यालय में एक कक्षा कक्ष है। इसमें कक्षा 6 और 7 की दो कक्षाएं संचालित होती हैं। कक्षा आठ के लिए कक्षा कक्ष नहीं होने से बरामदे में संचालित की जा रही है। राजकीय उच्च प्राथमिक



विद्यालय के जर्जर भवन को ध्वस्त करने और नए कक्षा कक्षों का निर्माण करने, अध्यापकों की तैनाती की मांग अफसरों से की गई, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। सुविधाओं के नहीं होने से विद्यालय में छात्र संख्या 50 रह गई है। अभिभावक विद्यालय में अपने बच्चों का प्रवेश कराने को तैयार नहीं हैं। लापरवाह अफसरों की जिम्मेदारी तय कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लानी चाहिए।

**-निमिषा डसीला, ग्राम प्रधान तिलियापुर**

विद्यालय के जर्जर भवन और कक्षा कक्षो की कमी की जानकारी नही है। अधीनस्थों से जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी

**-भानु प्रताप कुश्वाहा, खंड शिक्षा अधिकारी सितारगंज**

विद्यालय में वर्तमान में केवल एक कक्षा कक्ष उपयोग में लिया जा रहा है। इसमें दो कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। कक्षा 8 के छात्रों के लिए कोई कक्षा कक्ष नहीं होने से बरामदे में कक्षा संचालित की जा रही है। उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाता रहा है।

**कुसुम देवी, प्रभारी प्रधानाध्यापक**

विद्यालय का पुराना भवन जर्जर होने के कारण बैठने योग्य नहीं रह गया है। भवन की छत से पपड़ी गिरती रहती हैं। दीवारें भी चटकी हुई हैं। इस कक्ष को खतरनाक देखकर यहां बच्चों को बैठाना बंद कर दिया है। शिक्षा विभाग के महानिदेशक स्तर से जर्जर भवनों का अवलोकन करने के आदेश हुए थे, लेकिन अफसरों ने केवल प्रस्ताव बनाकर औपचारिकता पूरी कर ली। अभिभावक आए दिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ विद्यालय पहुंचकर व्यवस्था सुधारने की मांग करते आए हैं। अभिभावक व्यवस्थाओं को लेकर विद्यालय में तालाबंदी भी कर चुके हैं। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तिलियापुर में अध्यापकों की कमी है। यहां प्रभारी प्रधानाध्यापक समेत दो शिक्षक तैनात हैं। विज्ञान और गणित के लिए तैनात एक शिक्षक गम्भीर रोग से ग्रसित है। प्रभारी प्रधानाध्यापक के सहारे ही विद्यालय में कक्षाएं संचालित हो रही हैं। ग्राम प्रधान समेत अभिभावक कई बार अध्यापकों की तैनाती की मांग कर चुके हैं, पर अध्यापकों की तैनाती नहीं हुई है।

